ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ कृष्ण पक्ष 04 ● विक्रम संवत 2079 ● बुधवार, 11 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-88 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

सिद्धार्थ-रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू... पेज 10 पर




# मदरसों-संस्कृत स्कूलों की अनुदान राशि अब दोगुनी होगी

## कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्ताव मंजूर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें विकास और कल्याण से संबंधित कुल 31 प्रस्तावों पर सहमति जताई गयी। बैठक के बाद पत्रकारों को कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने विस्तार से कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुदान श्रेणी के मदरसा और संस्कृत विद्यालयों को अब दोगुना अनुदान मिलेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इससे संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट के पास भेजा था जिसे मंजूरी मिल गयी है। फैसले के बाद राज्य के 33 संस्कृत विद्यालय और 46 मदरसों को दोगुना अनुदान का लाभ मिलेगा। अनुदान मिलने से इन संस्थानों के तकरीबन दो हजार शिक्षकों-कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इन संस्कृत स्कूलों और मदरसा को अब तक 1.80 लाख रुपये हर वर्ष मिलते थे। मंगलवार को कैबिनेट की स्वीकृति मिलने पर अब उन्हें 3.60 लाख रुपये अनुदान मिलने लगेंगे। यह राशि प्राइमरी व मिडिल स्तर के संस्थानों के लिए निर्धारित की गई है। वहीं, प्राइमरी सह हाई स्कूल स्तर के जो संस्कृत विद्यालय और मदरसा हैं, उन्हें अब तक 3.62 लाख रुपए मिलते थे, लेकिन अब 7.20 लाख रुपए मिलने लगेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में प्राकृतिक आपदा/दुर्घटना की स्थिति में मृत प्रवासी श्रमिक के पार्थिव शरीर को पैतृक निवास स्थान लाने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व से संचालित अंतरराज्यीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास की योजना को झारखंड के प्रवासी श्रमिकों के सामान्य मृत्यु की स्थिति में इस योजना का लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई। राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखंड रांची में निदेशक के पद पर संविदा के आधार पर डॉ. एके बापुली को नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई।




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमीन कर बजट पोर्टल और मोबाइल एप्प का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में हमीन कर बजट पोर्टल और मोबाइल एप्प का उद्घाटन किया। इस पोर्टल एवं मोबाइल एप्प के माध्यम से झारखंड के आम नागरिक भी अब आगामी राज्य बजट 2023-24 से संबंधित अपना महत्वपूर्ण सुझाव राज्य सरकार को भेज सकेंगे। बजट 2023-24 में राज्य का बजट कैसा होना चाहिए, इस निमित्त अपना महत्वपूर्ण सुझाव 20 जनवरी 2023 तक ऑनलाइन पोर्टल हमीन कर बजट के माध्यम से भेज सकेंगे। तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देनेवाले व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग केके सोन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव आपदा प्रबंधन विभाग अमिताभ कौशल, सचिव श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग राजेश शर्मा, निदेशक राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार उमाशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गये महत्वपूर्ण निर्णय

- प्राकृतिक आपदा/दुर्घटना की स्थिति में मृत प्रवासी श्रमिक के पार्थिव शरीर को पैतृक निवास स्थान लाने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व से संचालित अंतर्राज्यीय प्रवासी मजदूरों के सर्वेक्षण एवं पुनर्वास की योजना को झारखंड के प्रवासी श्रमिकों के सामान्य मृत्यु की स्थिति में इस योजना का लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई।
- झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दूरभाष प्राधिकार द्वारा अनुमान्य निःशुल्क कॉल संख्या के अलावे 1500 रुपये तक निःशुल्क कॉल की सुविधा प्रदान की गयी है।
- झारखंड कस्टम मिल्ड राईस (दायित्व एवं नियंत्रण) संशोधित आदेश 2020 से संबंधित निर्गत अधिसूचना संख्या-436, दिनांक 11.02.2021 में आंशिक संशोधन करने की स्वीकृति।
- लघु खनिजों की नीलामी हेतु भारत सरकार के उपक्रम एमएसटीसी लिमिटेड, कोलकाता को ई-नीलामी प्लेटफॉर्म सेवाएं के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड भूतात्विक सेवा नियमावली, 2011 में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति दी।
- राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखंड रांची में निदेशक के पद पर संविदा के आधार पर डॉ. एके बापुली को नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई।
- माननीय राजस्व पर्षद, रांची के लिए राज्य सरकार द्वारा नियुक्त विशेष सरकारी वकील के शुल्क निर्धारण/पुनरीक्षण की स्वीकृति दी गई।
- शैक्षणिक सत्र 2013-14 में कक्षा 1 से 8 के लिए मुद्रित/आपूरित निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के मुद्रकों को राज्यांश तथा राज्य योजना की राशि रुपये 16.519 करोड़ की भुगतान की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य अन्तर्गत स्थित प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों एवं प्रस्वीकृत मदरसों को अनुदान की श्रेणी में लाने संबंधी निर्गत संकल्प संख्या-1953, दिनांक 18.10.2014 में संशोधन करने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा/संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली, 2018 सह पठित झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा/संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली, 2019 में आंशिक संशोधन करते हुए झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा/संवर्ग (भर्त्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली, 2022 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य समन्वय समिति का गठन हेतु निर्गत संकल्प संख्या-1348, दिनांक-14.11.2022 एवं संकल्प संख्या-1351, दिनांक- 15.11.2022 पर मंत्रिपरिषद् की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- राज्य के न्यायिक पदाधिकारियों का दिनांक 01.01.2016 के प्रभाव से पेंशन पुनरीक्षण की स्वीकृति दी गई।
- दिनांक 01.01.2016 के पूर्व अवकाश प्राप्त न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के पेंशन/पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण की स्वीकृति दी गई।
- उद्योग विभाग के अधीन उद्योग निदेशालय एवं जिला उद्योग केन्द्रों में उद्योग सेवा के कर्मियों की भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्तो को विनियमित करने के लिए झारखण्ड उद्योग सेवा संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) संशोधन नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गई।
- राज्य अंतर्गत विभिन्न थाना के कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण करने की स्वीकृति दी गई।
- रांची जिलान्तर्गत नगड़ी अंचल के मौजा-भूसूर के विभिन्न प्लॉट संख्या में अन्तर्निहित कुल रकबा 6.69 एकड़ भूमि कुल देय राशि 16,36,31,843 /- (सोलह करोड़ छत्तीस लाख एकतीस हजार आठ सौ तैतालीस) रुपये मात्र गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अदायगी पर पुलिस निरीक्षक झारखंड सेक्टर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्यालय निर्माण हेतु गृह मंत्रालय, भारत सरकार के साथ सःशुल्क स्थायी भू-हस्तांतरण करने की स्वीकृति दी गई।
- बोकारो जिला अंतर्गत अंचल-चास, मौजा-कालापत्थर अंतर्निहित कुल रकबा 0.077 एकड़, किस्म पुरातन पतित भूमि कुल देय राशि 10,51,216/- (दस लाख इक्यावन हजार दो सौ सोलह ) रुपए मात्र की अदायगी पर दक्षिण पूर्व रेलवे को तलगड़िया-बोकारो रेलवे लाईन दोहरीकरण हेतु सशुल्क स्थायी भू- हस्तांतरण करने की स्वीकृति दी गई।
- देवघर जिला अंतर्गत अंचल मोहनपुर, मौजा-खपचुआ-अराजी बुतुरवाडीह, घुटिया दौंदिया, रामपुर अंतर्निहित कुल रकबा-5.399 एकड़ भूमि कुल देय राशि 15,56,24,319 /- (पंद्रह करोड़ छप्पन लाख चौबीस हजार तीन सौ उन्नीस) रुपए मात्र की अदायगी पर पूर्वी रेलवे को मोहनपुर-हंसडीहा नई बीजी रेलवे लाईन निर्माण हेतु सःशुल्क स्थायी भू-हस्तांतरण करने की स्वीकृति दी गई।
- धनबाद नगर निगम अंतर्गत पथ प्रमंडल, धनबाद के पाथरडीह-सिंदरी पथ (एमडीआर-067) के (कुल लम्बाई-1 - 13.71 किमी) तक के शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### भाजपा नेता को मारी गोली, गंभीर

**गुमला।** जिला के पालकोट मुख्यालय में सोमवार की रात बेखौफ अपराधियों ने दुःसाहस का परिचय देते हुए जिला भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व मंत्री सह भाजपा पालकोट मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुमित केशरी को उनके ब्रिक्स प्लांट से पहले हथियार के बल पर अपहरण किया। इसके बाद मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर रोकेडेगा मोड़ पर गोली मार दी। वहीं पत्थर से कूचकर हत्या का प्रयास किया। अपराधियों ने सुमित को मरा समझ कर मौके से फरार हो गये। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना पालकोट पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुमित केशरी को लेकर सीधा सदर अस्पताल गुमला पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्तिथि को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। इधर, गंभीर हालत में सुमित को इलाज के लिए रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। दूसरी ओर घटना के विरोध में मंगलवार को पालकोट बाजार पूरी तरह बंद रहा।

### झारखंड ने केंद्रीय टीम से सवा नौ हजार करोड़ की मांगी सहायता

**रांची।** राज्य में सूखे से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की संयुक्त सचिव एस रुकमणी के नेतृत्व में दस सदस्यीय टीम ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय के नेपाल हाउस स्थित योजना एवं विकास विभाग के सभागार में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक के बाद भारत सरकार की संयुक्त सचिव एस रुक्मिणी ने मीडिया से कहा कि उनकी टीम प्रभावित छह जिलों का दौरा करेगी और धरातल पर वस्तुस्थिति की जानकारी लेगी। इधर, राज्य के विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के लगभग 21 लाख किसान परिवार सूखे से प्रभावित हैं जिसके लिए उन्होंने सवा नौ हजार करोड़ रुपये की सहायता की मांग की है।

## सीबीएसई की तर्ज पर शिक्षा देने की तैयारी पूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य में शुरू होनेवाले 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएससी की तर्ज पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 से पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने तैयारी पूर्ण कर ली है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में से 48 विद्यालयों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। शेष 32 विद्यालयों का निर्माण अंतिम चरण में है, जो मार्च 2023 तक पूरा हो जाएगा। यही नहीं अप्रैल से प्रारंभ होनेवाले शैक्षणिक सत्र से सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन सीबीएसई की संबद्धता के साथ की जाएगी। राज्य के 24 उत्कृष्ट विद्यालयों का सीबीएसई से संबद्धता हेतु आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सीबीएसई द्वारा संबद्धता प्रदान कर दी गई है। शेष 56 उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए सीबीएसई से संबद्धता हेतु आवेदन समर्पित कर दिया गया है। इन विद्यालयों को भी शैक्षणिक सत्र 2023-24 से संबद्धता के लिए आवश्यक सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी करते हुए संबद्धता प्राप्त हो जाएगी। जनवरी 2023 में सीबीएसई द्वारा सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को सीबीएसई के अनुरूप विद्यालय संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा।

### शिक्षकों को हैप्पीनेस करिकुलम पर प्रशिक्षण

राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालय एवं 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों हेतु हर्ष जोहार कार्यक्रम बच्चों को हैप्पीनेस करिकुलम के आधार पर शिक्षित करने के लिए तैयार किया गया है। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है तथा हर्ष हैप्पीनेस करिकुलम तैयार किया गया है। विद्यालयों में यह 27 जनवरी से प्रारंभ होगा।

### टांगी से वार कर वृद्धा की हत्या

**चैनपुर (गुमला)।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के कातिंग पंचायत के टोंगो सरना टोली में वृद्ध महिला की टांगी से वार कर हत्या कर दी गयी। मृतका की पहचान उर्सला एक्का पति मिलक्यूस एक्का उम्र 69 के रुप में हुई है। मृतका के पति ने बताया कि वह सुबह खेत गया था। वापस जब घर लौटा तो देखा कि उनकी पत्नी गेट के पास मृत अवस्था मे पड़ी थी। उसके बगल में एक टांगी रखा हुआ था और चारो ओर खून के छींटे पड़े थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी आशुतोष सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया। मामले में इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि महिला की धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर हत्या की गयी है। अभी हत्या के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रतिबंधित मांस सड़क किनारे फेका, प्रशासन कर रही जांच

**विशुनपुरा (गढ़वा)।** विशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुली मोड़ के समीप सड़क किनारे मांस फेके जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार यह प्रतिबंधित मांस है। जानकारी के अनुसार विशुनपुरा टेम्पू स्टैंड में खड़ी एक कमांडर जीप से खून का बूंद टपक रहा था। जीप से खून टपकता देख ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। स्थानीय ग्रामीण संदेह होने पर जीप ड्राइवर से पूछ ताछ करने लगे। जिसके बाद चालक ग्रामीणों द्वारा पूछ ताछ करने पर जीप को लेकर भागने लगा। उसके बाद ग्रामीण ने जीप का पीछा करने लगे ग्रामीणों को पीछा करते देख कमांडर पर सवार अज्ञात लोगों ने महुली मोड़ के समीप एक बोरी में भरा मांस को फेक जीप लेकर फरार हो गया। उसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाना को दिया। सूचना पाकर थाना एएसआई संजय मेहता दल-बल के साथ मौके पर पहुंच कर छान बिन में जुट गए। पुलिस ने इस घटना को लेकर ग्रामीणों से भी जानकारी लिया। उसके बाद बोरी से भरी मांस को जब्त कर थाना ले गए। फिलहाल यह मांस कहा से आया और कैसा है, इसकी पुष्टि नहीं हो पायी है।

## पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के पांच नक्सली को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को टीएसपीसी के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने टीएसपीसी के एरिया कमांडर बसंत सिंह और उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बच्चन के साथ ही पुलिस ने बिहार के औरंगाबाद टंडवा के रहने वाले टीएसपीसी के हार्डकोर नक्सली गुड्डू कुमार यादव, औरंगाबाद के सोनू कुमार, पलामू पिपरा के दीपक कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से एक रिवाल्वर, एक देसी कट्टा, पांच गोली समेत भारी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त की है। गिरफ्तार टीएसपीसी का एरिया कमांडर बच्चन पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के नौडीहा का निवासी है। बच्चन 2020 में बिहार के गया के डुमरिया थाना में गिरफ्तार हुआ था और पुलिस हिरासत से भाग गया था। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली झारखंड-बिहार सीमा पर सक्रिय थे। सभी नक्सली बिहार के औरंगाबाद के बालूगंज के इलाके में किसी घटना को अंजाम देने के लिए पलामू में योजना तैयार कर रहे थे। इसी सूचना पर हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, छत्तरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर सभी नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, गिरफ्तार एरिया कमांडर बच्चन सोशल मीडिया के माध्यम से रंगदारी मांगता था। इसके लिए वह बकायदा ट्रेनिंग ले रहा था। गिरफ्तार एरिया कमांडर बच्चन ने मनातू के बीडीओ को फोन कॉल पर लाखों रुपए की रंगदारी की मांग की थी और जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस मामले में लंबे समय से पुलिस को बच्चन की तलाश थी। पुलिस के साथ इस दस्ते की दो बार मुठभेड़ भी हुई थी, इस मुठभेड़ में पुलिस को कई हथियार भी मिले थे। दस्ता के पकड़े जाने शेष पृष्ठ 11 पर

## झांकी — गणतंत्र दिवस पर देखिए देवघर की झांकी

# दिल्ली में दिखेगी देवघर के वैद्यनाथ धाम परिसर की झांकी

- **16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों को मिली हरी झंडी**
- **झांकी में धरती आबा बिरसा मुंडा, सोहराई पेंटिंग एवं पाइका नृत्य की भी मिलेगी झलक**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड सहित 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। केंद्र सरकार ने इसके लिये सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन हेतु चयन हुआ। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। नयी दिल्ली में 19 जनवरी 2023 तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है एवं पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी 2023 को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है।



### झारखंड की झांकी का चयन गर्व की बात

नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर निकलनेवाली झांकियों में झारखंड की झांकी का चयन होना राज्य के लिए गर्व की बात है। यहां के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस दिशा में काफी मेहनत से कार्य किया है। झारखंड सरकार द्वारा देवघर स्थित बाबा धाम परिसर के प्रारूप को काफी बेहतर ढंग से दिखाया गया, साथ ही देवघर में हो रहे विकास कार्यों को भी इसमें दर्शाया गया है। वहीं, यहां की प्राचीन कला एवं धरती आबा बिरसा मुंडा के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके फलस्वरूप झारखंड की झांकी का चयन हुआ।

### झारखंड की झांकी में देवघर स्थित वैद्यनाथ धाम का होगा दर्शन

झारखंड की झांकी में देवघर स्थित वैद्यनाथ धाम परिसर का प्रारूप प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही झांकी के आगे भगवान बिरसा मुंडा को दर्शाया गया है। झांकी के साइड पैनल पर झारखंड की आदिवासी कला सोहराई पेंटिंग दर्शायी जाएगी। झांकी के साथ पाइका नृत्य कर कलाकार राजपथ की शोभा बढ़ाएंगे।

## आज के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं : राहुल



**एजेंसी। कुरुक्षेत्र/अम्बाला**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किसी का नाम न लेते हुए मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं और हाथ में लाठी लेकर शाखा लगाते हैं। उनकी तरफ देश के 2-3 अरबपति खड़े हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि इन अरबपतियों के लिए सरकार ने नोटबंदी और गलत जीएसटी व्यवस्था लागू की। उन्होंने गलत जीएसटी और किसान विधेयक को इस धरती के तपस्वियों से चोरी करने की संज्ञा दी। मोहढ़ा मुलाना में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने हरियाणा में यात्रा को खास बनाने के लिए प्रदेशवासियों का धन्यवाद किया। कहा कि यह धरती महाभारत की धरती है। जो लड़ाई उस समय थी, वही लड़ाई आज है। पांडव तपस्वी थे। उन्होंने इस धरती पर नफरत नहीं फैलाई। महाभारत में एक तरफ पांच तपस्वी थे, दूसरी तरफ भीड़ वाला संगठन था। पांडवों ने भी अन्याय के खिलाफ काम किया था। 21वीं सदी के कौरव खाकी हाफ पैंट पहनते हैं और हाथ में लाठी लेकर शाखा लगाते हैं। उनकी तरफ हिन्दुस्तान के 2-3 सबसे अमीर अरबपति खड़े हैं। राहुल ने किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों के परिवारों तथा महिला किसानों से भी मुलाकात की। शेष पृष्ठ 11 पर

# बेटी पैदा होने पर विवाहिता को डायन कहकर मारपीट की, प्राथमिकी दर्ज

## चार पहिया वाहन की मांग को लेकर ससुराल वाले करते थे प्रताड़ित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बेटी पैदा होने और पांच लाख रुपये की मांग पूरी नहीं करने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर ससुराल वालों ने घर से निकाल देने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कवलपूरा गांव निवासी हाजरा खातून ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरी शादी बिहार के कुटुंबा थाना क्षेत्र के



संडा गांव निवासी मोहम्मद शमीम अंसारी के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक पति और ससुराल वालों का व्यवहार काफी अच्छा रहा। इसके बाद मेरे पति एवं ससुराल वालों ने मुझे जबरन चार पहिया वाहन की मांग को लेकर मुझसे पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। जब मैंने एक बेटी को जन्म दिया तो मेरे पति और ससुराल वाले ने मुझे यह कहकर की तुम डायन हो। नौ माह पूर्व मेरे पति ने मुझे नईहर छोड़कर चले गए और कहने लगे कि पांच लाख रुपये नहीं मिलेगा, तो हम तुम्हे तलाक दे देंगे। उक्त हाजरा खातुन महिला ने एसडीपीओ पूज्य प्रकाश से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### विद्यालय भवन से प्रोजेक्टर कैमरा की चोरी

**नावा बजार।** प्रखंड स्थित तुकबेरा टोला राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय से चोरों ने प्रोजेक्टर जिसकी लागत करीबन डेढ़ लाख रुपए है व कैमरा की चोरी कर ली। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक वृंदा प्रसाद गुप्ता ने बताया सुबह 9:00 बजे स्कूल पहुंचने पर देखा कि अंदर रूम का ताला टूटा हुआ है। रूम से प्रोजेक्टर कैमरा गायब है। जिसकी सूचना तत्काल प्रबंधन समिति तथा नावा बाजार थाना को दी गई। चोरी की सूचना मिलते ही नावा बाजार थाना पुलिस अवर निरीक्षक, पुवनी नंदकिशोर ,अवर निरीक्षक कुणाल राजा पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचकर चोरी की घटना की पूर्ण रूप से जानकारी ली और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की कार्रवाई करने की बात कही।

### जनता हाई स्कूल के छात्रों के बीच कॉपी का वितरण

**विश्रामपुर।** राजकृत प्लस टू जनता हाई स्कूल में मंगलवार को छात्रों के बीच झारखंड सरकार के द्वारा कॉपी का वितरण किया गया। कॉपी वितरण कार्यक्रम मे प्रखंड विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय व स्कूल के प्रधानाध्यापक भोला राय ने संयुक्त रूप से किया। पंकज कुमार लाल ने मौजूदा सरकार के इस कदम को सराहनीय बताते हुए कहा कि छात्र देश के भविष्य है । अतः इन्हें पढ़ाई लिखाई में हर सरकार को सहयोग करनी चाहिए। वहीं प्रिंसपल भोला राय ने बताया कि स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को हेमंत सरकार के तरफ से विद्यालय को प्राप्त इस कॉपी को दी जा रही है। जिससे छात्राओं में बेहद खुशी का माहौल है। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी,विजय राम,अरुण सिंह, रितेश कुमार सहित स्कूल के कई छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### पुलिस ने 65 पेटी विदेशी शराब किया बरामद

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर छतरपुर थाना की पुलिस ने डाक पार्सल वाहन से 65 पेटी अवैध विदेशी शराब को जब्त किया है। उसके साथ ही शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मेदिनीनगर से एक पार्सल गाड़ी संख्या बीआर 06 जीई 6682 पर अवैध विदेशी शराब ले जाया जा रहा है।। उसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छतरपुर थाना के पास वाहन चेकिंग चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान जैसे ही शराब से भरा वाहन छतरपुर थाना के पास पहुंचा पुलिस को देखकर वाहन चालक भागने लगे। भागने के क्रम में पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। और डाक वाहन को खुलवा कर देखा तो उसमें अवैध 65 पेटी विदेशी शराब लदा हुआ था। जिसे जब्त कर थाना लाया गया। वही छापामारी अभियान में छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, एसआई अजय कुमार सिंह,प्रिय रंजन कुमार सहित अन्य जवान शामिल थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने किया स्क्रीनिंग टेस्ट

**सतबरवा।** थाना के पास कोविड -19 की रोकथाम को लेकर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा कोविड 19 स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया। कोविड-19 महामारी की रोकथाम को लेकर स्क्रीनिंग टेस्ट स्वास्थ्य सेवक अनूप कुमार गुप्ता, ड्रेसर अखिलेश पाठक के द्वारा 30 लोगों का स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया। स्वास्थ्य सेवक ने बताया कि लगातार यह कार्यक्रम चल रहा है। अगर बुखार, सर्दी ,खांसी है ,तो स्क्रीन टेस्ट के बाद उन्हें स्वास्थ्य सेंटर भेंज दिया जा रहा है। दवा का पूरा स्टॉक स्वास्थ्य सेंटर में है। लोगों को अगर सर्दी, खांसी, बुखार है तो वह नजदीकी स्वास्थ्य सेंटर में जाकर अपना इलाज करायें।

## जपला आरपीएफ ने लोहे चोरी के खिलाफ चलाया अभियान, दो गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आरपीएफ द्वारा जपला सिगसिगी रेलखंड पर लोहा चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जपला आरपीएफ के जवानों ने लोहे लदे टेपों को पकड़ा। जांच के क्रम उक्त टेपों से रेलवे का लोहा बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार युवक अनीश कुमार ने बताया कि वह बिहार के खुदवा गांव जिला औरंगाबाद का निवासी है। वहीं पूछताछ के बाद आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राकेश रंजन के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठित कर सिगसिगी गांव के बंजारी टोला निवासी संजित कुमार के घर छापेमारी की गई। वहां छापेमारी के दौरान पांच पीस रेलवे का सीएसटी प्लेट पाया गया। वहीं टेंपो चालक के निशानदेही पर विश्रामपुर डाक



बंगले के समीप प्रभु साव के कबाड़े की दुकान को चेक किया गया। वहां भी रेलवे का लोहा बरामद की गई। आरपीएफ ने प्रभु साव को गिरफ्तार कर जपला ले गई। टेपों चालक अनीश व प्रभु साव के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा-3 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत मेदिनीनगर भेज दिया गया। इस अभियान में आरपीएफ के उपनिरीक्षक निशांत कुमार, अनवर हुसैन, जवान एजाज खान, हेड कॉन्स्टेबल बीरेंद्र प्रसाद, विजय कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## पुलिस ने चलाया विशेष वाहन चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर मंगलवार को विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस ने थाना गेट पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें छोटी बड़ी सभी वाहनों की डिक्की आदि की गहनता पूर्वक जांच की गई। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व कर रहे थाने में पद स्थापित एसआई विजय कुजूर ने वाहन चालकों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि वाहन चालक हेलमेट व सिटबेल्ट का हमेशा प्रयोग करें। साथ ही गाड़ी की जरूरी कागजात साथ लेकर चले। वही श्री कुजूर ने स्थानीय अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने नाबालिक बच्चो को कभी भी बाइक चलाने की अनुमति न दें। अन्यथा पुलिस आप पर कभी भी कानूनी कार्रवाई व फाइन कर सकती है।

## महाशिवरात्रि पर शिव संपत धाम में होगा भव्य मेला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी।** जिले के प्रसिद्ध देव स्थल शिव संपत धाम में मकर संक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय मेला को लेकर जिप सदस्य सह कमिटी के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक में मेला को लेकर शांति पूर्वक संचालन पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। कमिटी के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 व 15 जनवरी को भव्य मेला का आयोजन किया जायेगा। मकर संक्रांति के दिन दही चूड़ा व 15 जनवरी को महा प्रसाद के रूप में खिचड़ी का भी व्यवस्था की जायेगी। बाहर से आये हुए अतिथियों को रुकने व खाने पीने का प्रबंध भी किया जायेगा। उन्होंने प्रखंड वासियों से कहा कि शिव संपत धाम मंदिर पहुंचकर पूजा पाठ कर मेले का भरपूर आनंद उठायें। वहीं जिप सदस्य व मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सात दिवसीय मेला व 18 फरवरी से 24 फरवरी तक मेले के साथ शाम में आठ बजे से रामलीला का भी आयोजन किया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि रामलीला पार्टी कलकत्ता के जगदम्बा जागरण मंच (खिदरपुर) से लोग पहुंचकर रामलीला दिखायेंगे। मौके पर सचिव अगस्त तिवारी ,कोषाध्यक्ष आर सी यादव ,फेकू सिंह ,योगी सिंह, शम्भू सिंह, महेंद्र शर्मा सहित मंदिर के कई सदस्य मौजूद थे।

## बालू खनन बंद होने से मजदूरों का छीन गया है रोजगार:अनुज



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पलामू जिले में बालू खनन बंद होने का असर अब साफ-साफ दिखने लगा है। बालू खनन पर रोक से पलामू जिले में भवन निर्माण का कार्य पूरी तरह बंद पड़ गया है। भवन निर्माण कार्य से जुड़े सैकड़ों की संख्या में मजदूर बेरोजगारी के दंश झेलने लगे हैं। ऐसे में इनके सामने भोजन के भी लाले पड़ने लगा है। बालू खनन बंद होने से हर तरह के सरकारी व गैर सरकारी निर्माण कार्य बंद हो गए हैं। जिससे विकास कार्य पर भी ग्रहण लग गया है। बालू खनन बंद होने से गरीब तबके के हजारों परिवार जिनका जीविकोपार्जन निर्माण कार्य में मजदूरी कर होता है, उनके सामने भोजन के भी लाले पडने शुरू हो गए हैं। देखा जाए तो इस वर्ष 2022 से ही बालू खनन पर रोक लगा दी गई है। अब तो वर्ष 2023 माह तक नदी से बालू खनन पर प्रतिबंध है। आलम यह है कि भवन निर्माण कार्य से जुड़े मजदूर पलायन को मजबूर होने लगे हैं। हालांकि देखा जाए तो अवैध खनन पर कई गुणा ज्यादा मूल्य पर बालू बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूरा कराने का दबाव डाल रही है। आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर जिला प्रशासन के द्वारा लाभुकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कानूनी कार्रवाई के डर से लाभुक बालू माफियाओं से महंगे दामो में बालू लेकर आवास निर्माण कराने को मजबूर हो गए है। मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने झारखंड सरकार से जिले में जल्द से जल्द बालू घाट चालू करने का आग्रह किया है।

### प्रखंड के सभागार में बीडीसी की बैठक संपन्न

**पांकी।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार की दोपहर बीडीसी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित चौहान, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन सिंह सांसद, अंचलाधिकारी निर्भय कुमार, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, खाद्य आपूर्ति, शिक्षा, मनरेगा, जेएसएलपीएस, पीएचडी, कृषि आंगनबाड़ी अन्य विभागों के कर्मियों ने अपने अपने विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी साझा किए। इसके पश्चात पंचायत समिति सदस्यों ने अपने क्षेत्र के समस्याओं के बारे में प्रखंड प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखा जिस पर तत्काल कार्रवाई हेतु निर्णय लिया गया। वहीं विभागीय बैठक में पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य ही बैठक में भाग लेंगे उनके पति या उनके अभिभावक बैठक में भाग नहीं ले सकेंगे। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम को तत्काल बंद कर कार्यवाई करने, डीलर के द्वारा राशन वितरण में बरती जा रही अनियमितता पर कार्यवाई करने सहित अन्य समस्याओं पर प्रमुखता से अपनी आवाज को बुलंद किया, जिस पर अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही हेतु उन्हें आश्वस्त किया। बैठक में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों समेत पंचायत समिति सदस्य शामिल थे।

### बालू के लिए हाहाकार, चुप है सरकार: शेर अली

**हुसैनाबाद।** बसपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी शेर अली ने कहा है कि हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र में बालू को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। क्षेत्र में इसके लिए हाहाकार मचा हुआ है, लोगों का रोजगार छीन गया है। विकास कार्य ठप्प हो गए हैं। उसके बाद भी सरकार चुप है। उन्होंने कहा कि पूरे हुसैनाबाद में बालू खनन व उठाव पर सरकार ने रोक लगा दी है। क्षेत्र में बालू की किल्लत होने से निजी निर्माण कार्य के साथ साथ सरकारी कार्य भी बंद है। इस कारण सैकड़ों ट्रैक्टर खड़े हो चुके है। वहीं इस पर काम करने वाले मजदूर भी बेरोजगार हो चुके है। मजदूरी नहीं मिलने से उनके समक्ष आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। रोजगार नहीं मिलने के कारण क्षेत्र के मजदूर अपने परिवार के पेट चलाने के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने पर मजबूर हो गए है। शेर अली ने पलामू डीसी से बालू खनन व उठाव को लेकर शीघ्र कोई पहल करने की मांग की है। ताकि लोगों का निर्माण कार्य के साथ साथ मजदूरों को रोजगार मिल सकें। अगर सरकार बालू उठाव पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती है,तो बसपा सड़कों पर आंदोलन करने पर बाध्य हो जायेगी।

## राशि खर्च नही करने वाले पंचायत सेवक व मुखिया से शोकॉज

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखण्ड सभागार में बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने प्रखंड के विकास योजनाओं एव योजनाओं के क्रियावन्यन पर भुगतान राशि की पंचायत वाइज समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान वितीय वर्ष 2022-23 में पंचायत को उपलब्ध कराई गई । बीडीओ ने विकास योजनाओं में धीमी गति एव लापरवाही मानते हुये केल्हार, लोइंगा, सगुना, पालहेकला, नवडीहा, राजहारा, शोले रुडीडीह आदि पंचायत के पंचायत सेवक तथा मुखिया से स्पष्टीकरण किया है। बैठक में प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार 15 वे वित्त आयोग के द्वारा उपलब्ध कराई 22 पंचायतों की राशि करोड़ो में यू ही पड़ी हुई है। बीडीओ ने बताया की पंचायत के विकास में पूर्व की स्वीकृत/लम्बित योजनाओ के क्रियावन्यन में नवनिर्वाचित मुखिया रुचि नही ले रहे है और न ही भुगतान कर रहे है। जबकि पूर्व की स्वीकृत तथा अपूर्ण को क्रियावन्यन तथा पूर्ण योजनाओं को भुगतान करने को विभागीय निर्देश है। विकास के चयनित योजनाओं एव उसके भुगतान में बाधा उत्पन्न करने वाले अधिकारी, जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही बरतने के खिलाफ निलंबन का प्रस्ताव भेजा सकता है। प्रज्ञा केंद्र सभी पंचायत सचिवालय में संचालित होगा । पंचायत सचिवालय से बाहर संचालन करने के प्रतिवेदन मिलने पर रद करने का प्रस्ताव दिया जायेगा। प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में सभी पंचायत सचिवालय में विकास से सबंधित बैठक अनिवार्य होगा। जिसमे सभी विभाग कर्मी उपस्थित रहेंगे। बैठक एव कार्यकारिणी में लिये प्रस्ताव को ई पंचायत वेब पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जीपीएस कामेश्वर मेहता, 15 वे वित्त आयोग के अमित चौबे, जेई , एई, पंचायत सेवक, मुखिया उपस्थित थे।

## सीएस दुबे मिले रेल प्रबंधक आशीष बंसल से

**मेदिनीनगर।** सीआईसी रेलखण्ड की 11 सूत्री मांगों के साथ विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी सी एस दुबे रजहरा रेलवे स्टेशन पर धनबाद मंडल के रेल प्रबंधक आशीष बंसल से मिले। उन्होंने गम्भीरता पूर्वक सारी समस्याओं के निराकरण की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया। साथ में विश्रामपुर के जिला परिषद सदस्य विजय रविदास, रेल उपभोक्ता संघ झारखंड के मृतुन्जय सिंह, मनोज शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा,गोविंद कुमार, लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, साथ में सैकड़ों की संख्या में चेचन्हा, लालगढ़ के प्रबुद्ध आमजन थे। रजहरा, चेचन्हा, पंजरी खुर्द, लालगढ़, तोलरा, ब्रह्मोरिया क्षेत्र का भ्रमण किया। 12जनवरी को पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन करने हेतु ई कल्याण पोर्टल खोलने की मांग को लेकर कल्याण विभाग का घेराव करेगी।

## बिजली विभाग की लापरवाही एक ही नाम पर दिया दो कनेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन ।** प्रखंड के जंघासी पंचायत के बनासो में बिजली विभाग ने एक ही नाम पर दो कनेक्शन कर दिया है । जिससे लाभुक काफी परेशान हैं । उन्हें दूसरे कनेक्शन का बिल भी भेजा जा रहा है। लाभुकों के अनुसार दो कनेक्शन एक ही नाम पर कर दिया गया है। पाटन ग्रिड बिजली की बात करे तो कभी भी हम लोगों को समय पर बिजली नहीं मिलती है । बिजली बिल भरने के बावजूद भी हमारे क्षेत्र में संध्या 6:00 बजे से लाइन काट दी जाती है और रात्रि 9:00 बजे के बाद बिजली मिलती है । जिससे हम लोग को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है । पाटन ग्रिड में कॉल करने पर पावर नहीं रहने की बात कही जाती है। वहीं बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई लिखाई बाधित हो रही है। मौके पर डबल कनेक्शन के लाभुक सहित सरजू राम वालकेश्वर प्रसाद, राजेंद्र उरांव, गंगा प्रसाद गुप्ता, रामअवतार गुप्ता, कृष्णा भुईयां, केदार उरांव, पचु उरांव ब्रह्मदेव राम, लखन उरांव समेत कई लाभुक मौजूद रहे ।

### ओबीसी आरक्षण मोर्चा का महाधरना 17 को

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू ने आह्वान किया है कि 17 जनवरी को मेदिनीनगर समाहरणालय मे ओबीसी आरक्षण बचाओ मोर्चा के महाधरना मे बढ़ चढ़ कर शिरकत करे। हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड के पिछड़ा वर्ग के लोगों को लगातार गुमराह करने व छलने काम किया है। आबादी के अनुपात में आरक्षण देने की बात करके हेमंत सोरेन सरकार ने हमारी आरक्षण को ही समाप्त करने के लिए षडयंत्र कर रही है।

## रेल उपभोक्ता संघ ने रेल महाप्रबंधक को 12 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** झारखंड रेल उपभोक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के रेल प्रबंधक आशीष बंसल से राजहरा रेलवे स्टेशन पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने रेल महाप्रबंधक को 12 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रमुख मांगो में बरवाडीह से डेहरी-ऑन-सोन से चलने वाली सभी पैसेंजर ट्रेनों से स्पेशल टैग हटाकर पूर्व की भांति भाड़ा निर्धारित करने पैसेंजर ट्रेन संख्या 03341 का समय डालटनगंज में तीन बजे करने,रांची सासाराम एक्सप्रेस के गढ़वा एवं टोरी के अव्यवहारिक ठहराव को समायोजित कर राजहरा, सिगसिगी, उंटारी रोड, हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर दो-दो मिनट का



ठहराव करने,संबलपुर-देहरादून एक्सप्रेस को दैनिक करने,पलामू एक्सप्रेस का ठहराव, राजहरा, लालगढ़ व सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर करने, सक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव राजहरा स्टेशन पर करने, गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर करने, रांची से वाराणसी तक बंदे मात्रम एक्सप्रेस की मांग शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में सीएस दुबे,जिला पार्षद विजय रविदास, गोविंद कुमार, वेदप्रकाश शर्मा, मृत्युंजय प्रसाद सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

**लालगढ़ मुखिया ने भी सौंपा मांग पत्र :** लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने समर्थको के साथ रेल महाप्रबंधक को मांग पत्र सौंपा। पत्र में रेलवे फाटक निर्माण एवं पलामू एक्सप्रेस का लालगढ़ स्टेशन पर ठहराव की मांग की गई है। मौके पर पप्पू कुमार चौधरी,कृष्णा चौधरी, जितेंद्र चौधरी, कुणाल ओझा, रमेश पासवान, सहित कई लोग मौजूद थे।

## गोस्वामी समाज का वनभोज सह मिलन समारोह का अयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** झारखंड राज्य गोस्वामी समाज इकाई के बैनर तले पलामू जिला कमेटी के द्वारा रविवार को केचकी संगम पर वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष सुनील गोस्वामी व संचालन प्रदेश सचिव श्यामलाल गोस्वामी ने की । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक गणेश गिरी गोस्वामी तथा विशिष्ट अतिथि पलामू जिला जज चंदन गोस्वामी, प्रदेश सचेतक अरविंद गोस्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष चक्रधर नाथ गोस्वामी ,प्रदेश कोषाध्यक्ष रविंद्र गोस्वामी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश गोस्वामी उपस्थित थे। कार्यकम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गणेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि मेरा समाज अत्यंत पिछड़ा है। जिसका सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है। अगर हमें आगे बढना है, तो हर हाल में बच्चो को शिक्षित करना होगा। विशिष्ट अथिति पलामू जिला जज चंदन गोस्वामी ने कहा कि हमारा धर्म संस्कृति बताता है की हम कुल समाज में सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए हमें अपनी गरिमा बनाये रखनी है। हम लोगों को उच्च शिक्षा ग्रहण करना है।

**आक्रोशित** | असामाजिक तत्वों ने तोड़ा मंदिर में स्थापित शिवलिंग

# ग्रामीणों ने अज्ञात पर सनहा दर्ज करायी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पांकी प्रखंड के आसेहार गांव में पांडे दोहर स्थिति दुश्यानी शिव मंदिर के शिवलिंग को अज्ञात लोगों ने तोड़कर चोरी कर ले गये । ग्रामीणों के अनुसार 1 जनवरी के अवसर पर जब श्रद्धालू पूजा करने गए तो वहां शिवलिंग गायब पाया । इसकी सूचना धीरे-धीरे गांव में फैल गई लोग अपने स्तर से इसे पता करने की काफी कोशिश की। लेकिन कोई पता नहीं चल पाया । आक्रोशित हिंदू समाज के लोगों ने मंदिर के प्रांगण में एक बैठक की और बैठक में पांकी थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन बनाया और अज्ञात के ऊपर सनहा दर्ज करने का आग्रह किया। समाजिक लोगों की सूझबूझ व पहल से मामला को शांत कराया गया जो भी असामाजिक तत्वों के लोग इस तरह के कारनामा कर रहे हैं । वैसे लोगों को प्रशासन चिन्हित कर करवाई करें, ताकि आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का जो प्रयास किया जा रहा है वो अपने मंसूबे में सफल ना हो सके । मौके पर उपस्थित आप के नेता कौशल किशोर बच्चन ने ग्रामीणों को समझाया व ग्रामीणों से आग्रह किया कि वैसे असामाजिक तत्व को चिन्हित कर प्रशासन को सूचना दें । आपसी सौहार्द किसी भी सूरत में नहीं बिगड़नी चाहिए । हम सभी सूझबूझ के साथ मिलजुल कर ऐसे असामाजिक तत्व के साथ निपटने का काम करेंगे। वहीं उपस्थित स्थानीय मुखिया देव सागर राम ने मामला को समझते हुए लोगों को आश्वासन दिया कि वैसे असामाजिक तत्व को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। अपने अपने स्तर से वैसे लोगों की जांच पड़ताल में लोग लगे हैं। किसी भी सूरत में सौहार्द नहीं बिगड़नी चाहिए । प्रशासन पर पूर्ण भरोसा है कि वह वैसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करेंगे। मौके पर पुरोहित विजय पांडे, बच्चन प्रजापति,सतीश कुमार, फगुनी भूईयां, आदर्श कुमार ,रंजय यादव, महेंद्र प्रजापति ,सरजू राम, शिवकुमार राम ,कैलाश विश्वकर्मा , नीतेश यादव, सुभावती देवी, रिंकी देवी, हेमंती देवी, विमला देवी, संगीता देवी ,रीता देवी, सहित दर्जनों शिवभक्त शामिल थे।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/15/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के बड़गड़ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–उगरा से कनहर नदी पर पुल निर्माण। | 8,73,06,600.00 | 17,46,132.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 28.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 30.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –31.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 287207 Rural Development(22-23)#D

NEWS इन ब्रीफ

## अधिवक्ता संघ के महासचिव ने सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व उपायुक्त पलामू दोड्डे को ज्ञापन देकर अधिवक्ताओं की मांग के संबंध में अग्रेतर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि कोर्ट फीस एक्ट 2021 को वापस लिया जाए। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लागू किया जाए, अधिवक्ताओं के बीच से ही एपीपी की नियुक्ति की जाए। अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु बजट में प्रावधान किया जाए। अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु कोष की व्यवस्था की जाए, व प्रत्येक जिले में अधिवक्ताओं हेतु जमीन की व्यवस्था की जाए,व न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ भवन उपलब्ध कराया जाए। विदित हो कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के दिशा निर्देश पर पलामू जिले के अधिवक्ता भी विगत चार दिनों से न्यायिक कार्य से अलग हैं। जिससे काफी असर पड़ा है।

## हार्ट अटैक से 50 वर्षीय महिला की मौत

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेनुडीह निवासी स्वर्गीय मदन राम की पत्नी शांति देवी उम्र 50 वर्ष की मौत मंगलवार को हार्ड अटैक की वजह से हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह 5:00 बजे शांति देवी की अचानक तबीयत खराब हो गई उनके सीने में दर्द होने के साथ-साथ सांस लेने में तकलीफ होने लगी। इसके बाद परिजनों द्वारा शांति देवी को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया।

### समारोह को लेकर प्रशासनिक/ पुलिस पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्टेडियम में, पूर्वाह्न 09:05 बजे होगा




### गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा पर पूर्ण प्रतिबंध

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम के द्वारा शहर की विशेष साफ-सफाई की जायेगी। महापुरुषों की प्रतिमा की विशेष सफाई होगी। गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति :** बैठक में उपायुक्त उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी ,विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता सह समान्य शाखा प्रभारी, उप निदेशक सह सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी,जिला खेल पदाधिकारी,विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने को लेकर मंगलवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम मेदिनीनगर में आयोजित किया जायेगा। जंहा मुख्य अतिथि सुबह 9:00 बजे झंडोतोलन करेंगे। इस दौरान समारोह में कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये सरकार के अद्यतन गाइडलाइन का पालन किया जायेगा। परेड और झांकियों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कोविड संक्रमण से संबंधित अद्यतन गाइडलाइन्स पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही झांकियों को आकर्षण रूप देने की बात कही। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में पूर्वाहन 10:00 बजे, पलामू समाहरणालय में पूर्वाहन 10:20 बजे, पलामू क्लब मेदिनीनगर में पूर्वाहन 10:45 बजे और रेड क्रॉस भवन मेदिनीनगर में पूर्वाहन 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा। इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक, विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में आई.आर.बी, जिला बल, गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी आदि के टुकड़ी भाग लेंगे।

# कोर्ट फीस वृद्धि जनहित में अनुपयोगी : अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने प्रेस कॉन्फेस कर राज्य सरकार द्वारा छह गुणा कोर्ट शुल्क में वृद्धि को अनुपयोगी बताया है। वे मंगलवार को संघ कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता चौथे दिन भी कोर्ट में न्यायिक कार्य से अलग रखे। श्री यादव ने कहा कि न्याय को पूंजी के साथ तौला नहीं जा सकता। यह इंसाफ के रास्ते का रोडा है। उन्होंने इस मामले में राज्य के सांसदों एवं विधायकों से हस्तक्षेप करने की अपील की है । शुल्क में वृद्धि का मतलब ' न्याय ' को दरकिनार करना है । इससे गरीब अदालत से विमुख हो सकते हैं और पैसे वाले मनमाने तरीके से फैसले को अपने हित में करवा सकते हैं। यादव ने उदहारण देकर बताया कि, देश के किसी भी राज्य में दीवानी एवं फौजदारी मामलों की सुनवाई में अचानक छह गुणा वृद्धि नहीं की गयी है। लेकिन झारखंड में सरकार ने एकतरफा निर्णय लेते हुए अदालती शुल्क में वृद्धि की है। जो अनुचित होने के साथ ही न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत के विरुद्ध हैं। जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है । उन्होंने नमुने के तौर पर बताया कि, दीवानी (सिविल) अपील में जहां शुल्क 50 हजार के लगते थे, वहीं अब तीन लाख रुपये लगते हैं । यह गरीब लोग के लिए त्रासदी से कम नहीं है । उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में मुख्यमंती हेमन्त सोरेन की सरकार को चेतावनी दी है कि, यदि लोकतंत्र के कल्याणकारी भावना के विपरीत स्थिति रही तो बाध्य होकर अधिवक्ता समाज सड़क से विधायिका तक सड़क पर उतरने को बाध्य हो जायेगी। अधिवक्ताओं को जनहित के लिए यही एक मात्र विकल्प है। सरकार को अधिवक्ताओं के मांग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ताकि जनहित के लिए न्याय सुलभ हो सकें।

# निगम ने जारी की होडिंग बोर्ड के नये दर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा शहर के सभी होडिंगधारियों के लिए होडिंग बोर्ड के दर में बढ़ोतरी करते हुए नया दर जारी किया है। जिसमें शहर के 18 होडिंग धारियों को पत्र के माध्यम से सूचना दिया गया है। निगम के द्वारा जारी किये गये सूचना में बताया गया है कि होडिंग बोर्ड वित्तीय वर्ष 2018-19 के निर्धारित दर से वसूली जा रही थी। निगम के 21 वीं बैठक 13 दिसम्बर को नए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए नए दर निर्धारित किया गया है।




जिसमे सरकारी होडिंग के लिए 80 रुपये प्रति स्क्वायर फीट, गैर सरकारी होडिंग 25 रुपये प्रति स्क्वायर फीट,इलेक्ट्रिक पोल के लिए 200 रुपये प्रति स्क्वायर फीट,तोरण पोल के लिए 2000 रुपये प्रति स्क्वायर फीट तीन दिनों के लिए होगा।निगम के द्वारा सभी होडिंग्धारियो और ऐजेंसी को दो माह के अंदर नए दर से राशि देने का आदेश दिया है।

### वार्ड पार्षद ने कम राशन देने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन


# उपायुक्त ने उचित कार्रवाई करने का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शाहपुर वार्ड नंबर 33 के वार्ड पार्षद चंचला देवी ने मंगलवार को पलामू उपायुक्त से मिलकर चैनपुर प्रखंड के कल्याणपुर में जन वितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ शिकायत की। चंचला देवी ने उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि वार्ड नं0 33 के कल्याणपुर में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार पन्ना लाल लाभुक को समय पर पूरा राशन नहीं देते है और अपनी दुकान महिने में मात्र दो दिन ही खोलते है । वे लाभुक को अंगूठा लगवाने के लिए अपने घर पर बुलाते है और जो नहीं जाता है उसको बोलते है



कि घर पर अंगूठा लगाने नहीं आओगे तो राशन नहीं देंगे । वे लाभुक से दो माह का अंगूठा लगवाते है और एक माह का राशन देते है। मैंने इसकी शिकायत आपके कार्यालय में दिसम्बर 2016 में किया था । और वर्तमान में 02 जनवरी 2023 को किया हूं। पूर्व में पन्ना लाल डीलर को निलंबित करने की अनुशंसा 02 दिसम्बर 2016 को प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी चैनपुर के यहां से पत्र अनुमण्डल पदाधिकारी मेदिनीनगर को भेजा गया था। बार-बार लाभुक के आवेदन देने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने के कारण डीलर लाभुक को उल्टा ही डराने धमकाने लगा। अब तुमलोग कहीं जाओगे तो तुमलोग का कार्ड निरस्त करवा देंगे। वार्ड पार्षद चंचला देवी ने पत्र के माध्यम से पलामू उपायुक्त को वार्ड डीलर पन्ना लाल के उपर जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। वही आवेदन प्राप्त होने के बाद उपायुक्त ने डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



# बिछ रहा है सड़कों का जाल लोगों को मिलेगी सुविधा : मंत्री

## 10 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के विकास में हर रोज एक नया अध्याय जुड़ रहा है। जिले में सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर लगातार प्रयासरत हैं । जिले के गढ़वा एवं रंका प्रखंड में दो अति महत्वपूर्ण सड़क निर्माण की झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। पथ निर्माण विभाग से करीब 10 किमी लंबी इन सड़कों का निर्माण 10 करोड़, 14 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि जिले के रंका एवं सदर प्रखंड गढ़वा के दो अति महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है । शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ किया जायेगा। इन सड़कों में गढ़वा के नवादा



मोड़ से नवादा, जोबरइया गांव होते हुए गढ़वा - मंझियाव पीडब्ल्यूडी रोड तक करीब चार किलोमीटर सड़क का निर्माण तीन करोड़, 92 लाख रुपए की लागत से किया जायेगा। यह सड़क मिनी बाईपास के रूप में काम करेगा। मेराल, कचहरी रोड क्षेत्र से मंझियांव जाने वाले लोगों को शहर की ट्रैफिक का सामना किए वगैर जा सकते हैं। काफी लंबे समय से क्षेत्र के लोग इस सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। इसके निर्माण से अब काफी कम दूरी तय कर कम समय में लोग रंका प्रखंड मुख्यालय पहुंच सकेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। गांव- गांव में सड़क निर्माण हो जाने से मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक का भार कम होगा। साथ ही लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिला मुख्यालय से सभी मार्गों के लिए मिनी बाईपास की व्यवस्था कर दी जायेगी। साथ ही सभी गांवों को बेहतर सड़क के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय से जोड़ा जायेगा। आवश्यकतानुसार गढ़वा के सभी गांव को चिन्हित कर पुल-पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जिससे हर क्षेत्र में चौतरफा विकास तेजी से हो रहा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### उपायुक्त ने चतुभुर्जी मंदिर में टेका मत्था

**केतार।** उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को केतार स्थित सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर पहुंचकर माथा टेका और माता रानी का पुजा अर्चना कर संकल्प स्वरूप नारियल फोड़ा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा की गढ़वा में पदस्थापना होने के बाद पहली बार माता रानी का दर्शन करने का शौभाग्य मिला। उन्होंने कहा की भविष्य में जब भी मौका मिलेगा मां चतुभुर्जी का दर्शन करने जरूर आऊंगा। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ सफाई और स्वच्छता के साथ अच्छी तरह से रख रखाव के लिए मंदिर विकास समिति की प्रशंसा किया। उन्होंने कहा की यह मंदिर झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों में भी प्रसिद्ध है। इस दौरान प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष विकर्मा सिंह ने उपायुक्त को शॉल और मां चतुभुर्जी का तस्वीर भेंट किया। मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार, बीपीओ मनोज कुमार, मुखिया प्रमोद कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र प्रसाद, उदय प्रसाद, मुकुन्दपुर पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, शोक

**भवनाथपुर।** सिंघिताली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक 82 वर्षीय पारसनाथ चौबे का मंगलवार की उनके आवास सिंघितली में निधन हो गया। निधन की सूचना मिलने के साथ ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। शोक संवेदना करने वाले शिक्षक उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किये। उनके दो पुत्र राकेश चौबे, सतीश चौबे व नातिन प्रिया चौबे भी सरकारी शिक्षक के पद पर है। चौबे बहुत ही मृदुभाषी व्यक्ति थे। उनका दाह संस्कार बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। जहां उनके पुत्र राकेश चौबे ने मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालो में पुर्व मुखिया केदार चौबे, चपरी पंचायत के मुखिया शैलेश चौबे, मनी चौबे, धनी चौबे, बिनोद चौबे, मंटू चौबे, रमेश चौबे, कामेश्वर चौबे, सुशील चौबे सहित शिक्षक विद में सुजीत कुमार, बबलू सिंह ,उदय गुप्ता, रोहिनिकान्त पांडे, मुकेश शुक्ला, मनोज गुप्ता सहित शिक्षक शामिल थे।

### प्राचार्य ने किया छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस व किट का वितरण

**डंडाई (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के लामी न्यू प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस और किट का वितरण किया गया। प्राचार्य रंजीत सिंह, सहायक गोस्वामी साह, वार्ड सदस्य सुभाष राउत व प्रबंधन समिति अध्यक्षा छटनी देवी की उपस्थिति में वर्ग एक से 2 तक के छात्र छात्राओं के बीच सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान उक्त लोगों की ओर से 15 छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस और किट का वितरण किया गया। शेष लोगों के ड्रेस की खरीदारी के लिए छात्र छात्राओं के अभिभावकों को प्राचार्य के द्वारा निर्देशित भी किया गया। साथ ही उन्हें 1 सप्ताह के अंदर अपने अपने बच्चों को ड्रेस व स्वेटर की खरीदारी करने के लिए सख्त चेतावनी दी गई।

## उप सचिव ने किया प्रखंड के कई विद्यालयों की जांच, दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**डंडाई (गढ़वा)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के उप सचिव ओमप्रकाश तिवारी के द्वारा मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के 3 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। विभाग के प्रधान सचिव रवि कुमार के निर्देश पर जांच करने पहुंचे उप सचिव के द्वारा सबसे पहले प्रखंड मुख्यालय के 2 मध्य विद्यालय एवं कस्तूरबा विद्यालय की जांच की गई। उसके बाद क्षेत्र के सोनेहरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भी उनके द्वारा जांच पड़ताल किया गया। डंडाई के मध्य विद्यालय का जांच के दौरान उनके द्वारा विद्यालय के शिक्षकों पणजी की जांच की गई। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों का उपस्थिति बना हुआ पाया गया। इस दौरान उप सचिव के द्वारा कस्तूरबा विद्यालय के रसोईघर के साथ-साथ छात्रों के लिए बने भोजन की गुणवत्ता भी जांच की गई। सोनेहरा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के जांच में भी कमोबेस उपसचिव को लगभग वहीं कमियां दिखाई दिया। उप सचिव ने बताया कि माह में 2 दिन प्रखंड वार विद्यालय का निरीक्षण करने का निर्देश प्राप्त है। प्रधान सचिव के रवि कुमार के निर्देश पर विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधि को जांच पड़ताल किया जा रहा है। साथ ही कहा कि प्रखंड के 3 विद्यालयों के जांच की कमियां लगभग एक ही जैसा पाया गया है। बावजूद इसमें और व्यापक सुधार लाने के लिए प्रखंड से लेकर जिले तक के विभाग के वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह ,एडीपीएम अर्चना साह, बीईओ प्रतिभा कुमारी, बीपीओ रेनू बाला कुमारी, वार्डन तनुजा कुमारी, रोकड़ पाल रोशनी कुमारी रोमा कुमारी राजू ठाकुर इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### किसान ऋण माफी के लिए लगा कैम्प

**खरौंधी (गढ़वा)।** झारखण्ड सरकार के कृषि ऋण माफी योजना को लेकर आज प्रखंड परिसर में सभी नव पंचायतों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, करिवाडीह बीडीसी विकास कुमार सिंह ने सयुक्त रूप से किया। कृषि विभाग के पदाधिकारियों के साथ प्रज्ञा केंद्र के संचालको के साथ बैठकर ई केवाईसी का कार्य किया गया। इसकी जानकारी देते हुए सहायक तकनीकी प्रबंधक जगरनाथ कुमार राम ने बताया कि बीडीओ गणेश महतो के निर्देश पर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें जिन जिन कृषक लोगों का ऋण माफी नहीं हो सका है। उन सभी कृषक बंधुओं को अपने साथ आधार, बैंक पास बुक की छाया प्रति, राशन कार्ड एवं अपना मोबाइल नंबर लेकर कैंप में आकर एक रुपए का टोकन कटवाया गया। उन्होंने कहा कि वैसे कृषक जो 31 मार्च 2020 से पूर्व बैंक से कृषि ऋण लिए हैं एवं उनका स्टैंडर्ड अकाउंट है। उन कृषक बंधुओं की सूची प्रज्ञा केंद्र संचालक एवं कृषक मित्र के पास उपलब्ध है। उन्ही कृषक बंधुओं को प्रखंड कार्यालय में ईकेवाईसी किया गया।

## डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, लगाई फटकार



नवीन मेल संवाददाता

**केतार (गढ़वा)।** उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय केतार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय में फैली गंदगी को देखकर स्वीपर को कड़ी फटकार लगाई तथा परिसर की साफ सफाई और स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। वहीं अंचल कार्यालय परिसर के बरामदे में कर्मियों का लगे मोटरसाइकिल को देखते ही उपायुक्त भड़क गये। उन्होंने थाना प्रभारी संतोष कुमार को सभी बाईक को जब्त कर थाना ले जाने का निर्देश दिया और कहा कि जब तक मैं नही कहूं तब तक मोटरसाइकिल को नहीं छोड़ना है। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित पंजी और कैस बुक का निरीक्षण किया। प्रखंड सभागार में प्रखंड सह अंचल कर्मियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात उनके कार्यो और ग्रामीणों की समस्यायों का समाधान के लिए विस्तृत जानकारी ली। इसी क्रम में जनसेवक सह पंचायत सचिव से किस ब्लॉक में घर है पुछा तो पंचायत सचिव जवाब नहीं दे पाये। उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुये जनसेवक सह पंचायत सचिव राजीव कुमार को गढ़वा भेजने की बात कही। वहीं प्रखंड समन्वयक रविरंजन कुमार को प्रखंड कार्यालय में हाजिरी बनाकर खरौंधी ब्लांक में कार्य करने पर नाराजगी जताते हुये खरौंधी बीडीओ एवं केतार बीडीओ से उनके कार्यों के विवरण मांगा। इसके बाद सभी सहायक अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा कि उपस्थिति बनाकर कार्यालय में जमे रहने के बजाय कार्यस्थल पर रहने की नसीहत दी। साथ ही ग्रामीणों के शिकायत का आवेदन अच्छी तरह से प्रखंड कार्यालय में रखने का निर्देश प्रखंड कर्मियों को दिया।

### विशेष कैंप में 42 कृषकों का किया गया ई-केवाईसी

**बड़गड़ (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बगल में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग गढ़वा द्वारा मंगलवार को विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में सरकार द्वारा चलाई जा रही झारखंड केसीसी ऋण माफी योजना के अंतर्गत चयनित कृषि ऋण धारको का ऋण माफी हेतु ई-केवाईसी प्रखंड के कृषक मित्रों के माध्यम से कराया गया। मौके पर कैम्प के माध्यम से कुल 133 लाभार्थियों में से 42 कृषको का ई-केवाईसी किया गया। शिविर के दौरान एटीएम पंकज कुमार ने कहा कि कृषि ऋण माफी योजना से लाभान्वित होने वाले कृषकों जिनका आज ई-केवाईसी नहीं हो पाया है । वैसे कृषक दस दिनों के अंदर प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से ई- केवाईसी कराने के पश्चात सम्बंधित बैंक में ऋण माफी का आवेदन देना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एरियल कच्छप, ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मिथिलेश राम, अलवीस कुजूर, राजेश बाखला, रंजीत तिग्गा, विकास मुण्डा, खुदाबख्श अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

### डीसी ने भवनाथपुर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** गढ़वा उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रखंड कार्यालय पहुंचते ही परिसर में गंदगी का अंबार देखते ही बीडीओ जय पाल महतो एवं सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव को जमकर फटकार लगाते हुए प्रखंड कार्यालय को साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान हरिजन टोला में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के लाभुक रामा शंकर मेहता ने जेई प्रेमचंद गुप्ता द्वारा एमबी बुक नहीं करने औ? पैसे की मांग किए जाने का आरोप लगाया। उपायुक्त ने जे ई प्रेमचंद गुप्ता को जमकर फटकार लगाते हुए तीन दिन के अंदर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, मनरेगा, कंप्यूटर, नाजीर सहित कई कक्ष का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने दोनों कार्यालयों के कर्मियों की उपस्थिति पंजी, डाक रजिस्टर, दाखिल-खारिज आवेदन सहित कई फाइलों की जांच की। प्रखंड एवं अंचल के कर्मियों को बारी बारी से बुलाकर योजनाओं की जानकारी। मौके पर बीपीओ दयानंद प्रजापति, नाजिर शिव कुमार यादव, विजय राम, भुनेश्वर सिंह, अजीत सिंह, सतीश सिंह, अशोक कुमार, जे ई श्याम चौधरी, रवि कुमार, पंकज कुमार, गणपत राम, मानस कुमार, सी आई इंतखाब आलम सहित प्रखंड व अंचल कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मी मौजूद थे।

शांति निवास बालिका वर्ग फाइनल में

### 21 वीं जिला अंतर स्कूल बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**गढ़वा।** 21 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 19 वे दिन शांति निवास विद्यालय ने बीएनटी संत मेरी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 14 जनवरी को फाइनल में शांति निवास उच्च विद्यालय का मुकाबला ज्ञान निकेतन बेलचम्पा से होगा। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीएनटी संत मैरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋषिका के 10 रन के सहयोग से 39 रन ही बना पाई। शांति निवास की ओर से अनन्या ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने लक्ष्मी के 11 रन के सहारे चार ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। बीएनटी संत मैरी की ओर से रंजिनी ने दो विकेट ली। मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा और प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी ने संयुक्त रूप से बीएनटी संत मैरी स्कूल के रंजिनी को दिया। इस मौके पर खिलाड़ी और दर्शकों को संबोधित करते हुए नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूल के कई प्रतिभा सामने आई है। श्री सिन्हा ने कहा कि युवा खेल में अपना हुनर दिखाएं। उनके प्रोत्साहन के लिए वह हमेशा उनके साथ खड़े हैं। वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल आवश्यक है। खिलाड़ी को अनुशासन में रहकर खेल खेलना चाहिए। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, नवनीत दुबे, अमित उपाध्याय, सुमित मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी आदित्य सूर्या अनमोल विशाल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। अंपायर की भूमिका असलम और शुभम ने निभाई । वही स्कोरर की भूमिका विशाल कुमार और कमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी ने निभाया।

### बरडीहा जामा मस्जिद की दूसरी मंजिल की ढलाई

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखंड के बरडीहा ग्राम स्थित जामा मस्जिद की दूसरी मंजिल के ढलाई का आयोजन मंगलवार को किया गया। ढलाई कार्य का शुभारंभ करने से पूर्व कुरान ए पाक की तिलावत एवं फातिहा खानी कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ,थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह,सदर मुस्ताक अहमद शेख,डॉ ताहीर हुसैन सहित अन्य लोगों ने कंक्रीट मसाले को डालकर ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। मस्जिद ढलाई के मौके पर ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि मस्जिद ढलाई के अवसर पर यहां के लोगों ने मुझे बुलाया, इसके लिए उन्होंने अंजुमन कमेटी के सभी लोगों को धन्यवाद दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि आमलोगों के सहयोग से मस्जिद की ढलाई किया जा रहा है। यह बहुत सराहनीय कार्य है। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय,मौलाना एजाज अंजुम,सदर मुस्ताक अहमद शेख,सेक्रेटरी डॉ ताहिर हुसैन,राहत हुसैन,उस्मान अंसारी,मसउवर अंसारी, हाफिज मनउवर अंसारी, मौलाना आबिद हुसैन, मौलाना नेमतुल्लाह हुसैन,नेयामत हुसैन,डॉ रिजवान अहमद,कलाम अंसारी,मंजूर आलम,वकील अहमद,अजीज अंसारी,रईस अंसारी, अफरोज आलम,तसमुदिन अंसारी, सईद अंसारी, गुलाम हुसैन, रासिब, भानु,गुलाम,अप्पू, शमसिर, परवेज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर।** माँ नगीना शाही इंटर महाविद्यालय में मंगलवार को महाविद्यालय के ट्रस्टी सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित महाविद्यालय कर्मियों ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह महाविद्यालय के ट्रस्टी स्व लाल हेमेन्द्र प्रताप शाही के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया शोकसभा में उपस्थित कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया।शोकसभा में महाविद्यालय की प्राचार्या लवली आनन्द,प्रो बबिता, अनिता, पूजा, आशा, सबिता, प्रो महमूद आलम,प्रो भरदुल ठाकुर, अविनाश कुमार, अशोक कुमार, हेमवंती कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।


**यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**

(भारत सरकार का उद्यम)
(सीआईएन : यू12000 जेएच 1967 जीओआई 000806)
पीओ : जादुगोड़ा खान, जिला : पूर्वी सिंहभूम, झारखंड- 832102

यूसीआईएल, परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम 01 (एक) वर्ष के विस्तार के प्रावधान के साथ 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर 12 (बारह) वाइंडिंग इंजन चालक की भर्ती करना चाहता है। कंपनी की आवश्यकता और उम्मीदवार के प्रदर्शन पर, ऊपर उल्लिखित पद के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड और अन्य विवरण हमारी वेबसाइट : www.uraniumcorp.in पर उपलब्ध है।

सीबीसी 40134/12/0035/2223


## बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन तैयार



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन रेस हो गया है। मंगलवार को जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने पथ प्रमंडल विभाग के समीप बन रहे श्री बंशीधर सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सर्किट हाउस के सभी कमरों, बाथरूम, वेटिंग हॉल, किचन सहित अन्य कमरों का निरीक्षण करते हुए भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सर्किट हाउस के निर्माण में फिनिसींग कार्य में संवेदक द्वारा सही तरीके से कार्य नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर गुणवत्ता को देखते हुए कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि अगली बाहर निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता में कमी पाई गई तो कर्रवाई किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान पत्रकारों को बताते हुए कहा कि बंशीधर महोत्सव कि तैयारी को लेकर बन रहे सर्किट हाउस का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए विभाग के कनीय अभियंता को निर्देशित किया गया है। जल्द जिला स्तरीय बैठक कर प्रतिनिधि से सुझाव लिया जायेगा। इसके बाद बंशीधर महोत्सव कराया जायेगा।


**कार्यालय जिला परिषद, लोहरदगा**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 05/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम : उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 21.01.2023से 25.01.2022 को अपराह्न 03:00बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.01.2023को 03.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.01.2023को 03.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान : कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. मद : पांचयत भवन मरम्मति मद।
8. कार्य का विवरण

| क्र0सं/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | भण्डरा | पंचायत भवन आकाशी का मरम्मति कार्य | 1317900.00 | 2500.00 | 26400.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | | पंचायत भवन उदरंगी का मरम्मति कार्य | 1856300.00 | 5000.00 | 37200.00 | 03 (तीन) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद्, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।
2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. वैसे संवेदक जिनका जिला परिषद् में कार्य लम्बित है निविदा में भाग नहीं ले सकते हैं।
4. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardagaके पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR287171 (Lohardaga)22-23*D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

E-Procurement Short Tender Notice

Tender Reference No. DWSD/LTR/SVS/06/22-23 (1st Call) Date 10.01.2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Name of Department | ;- | Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand |
| 02 | Date & Time of Tender uploading in Web site | ;- | 12.01.23 at 04.00 P.M |
| 03 | Last date of Receipt of Bid | ;- | 20.01.23 at 05.00 P.M |
| 04 | Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money | ;- | 21.01.23 at 05.00 P.M<br>1. Executive Engineer D W & S Div Latehar<br>2. Suprintending Engineer D W & S Circle Medininagar |
| 05 | Date of Opening Tender | ;- | 24.01.23 at 03.30 P.M |
| 06 | Name & Address of Tender Inviting Authority | ;- | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 07 | Contact No of Procurement Office | ;- | 9430725642 & 6201242103 |

Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Rural Water Supply For SVS under JJM in different Village of Latehar District with FHTC work & 05 Yr O/M under D W & S Div latehar for FY 2022-23. | SVS Rud | 12 | 199 | 8944985.00 | 180000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 02 | | SVS Chiro | 12 | 260 | 9781790.00 | 196000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 03 | | SVS Jamira | 17 | 127 | 9998601.00 | 200000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 04 | | SVS Kukud | 09 | 232 | 7075349.00 | 142000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 05 | | SVS Kabripath | 02 | 33 | 1418056.00 | 29000.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 06 | | SVS Jamdih | 10 | 265 | 7807253.00 | 157000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 07 | | SVS Surkaie | 07 | 188 | 5788784.00 | 116000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 08 | | SVS Orsa-1 | 10 | 230 | 8772086.00 | 176000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 09 | | SVS Orsa-2 | 10 | 270 | 9183607.00 | 184000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 10 | | SVS Rewat Khurd | 08 | 172 | 5802504.00 | 117000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 11 | | SVS Hisri | 12 | 172 | 8663036.00 | 174000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 12 | | SVS Chatuag | 07 | 90 | 4910747.00 | 99000.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 13 | | SVS Oraon Toli | 09 | 108 | 5929367.00 | 119000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 14 | | SVS Kasidih | 02 | 12 | 1173010.00 | 24000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 15 | | SVS Bishunbandh | 13 | 295 | 9104820.00 | 183000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 16 | | SVS Jalta | 06 | 127 | 4785212.00 | 96000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 17 | | SVS Nachna | 06 | 85 | 4329049.00 | 87000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 18 | | SVS Ambadohar | 05 | 102 | 4979322.00 | 100000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 19 | | SVS Gurtur | 05 | 59 | 3632324.00 | 73000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 20 | | SVS Nawadih | 06 | 86 | 3954084.00 | 80000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 21 | | SVS Barhaniakhar | 01 | 15 | 814892.00 | 17000.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 22 | | SVS Barwakhar | 04 | 63 | 2913300.00 | 59000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 23 | | SVS Aara | 04 | 49 | 2508032.00 | 51000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 24 | | SVS Rewatkala | 09 | 175 | 6166372.00 | 124000.00 | 10000.00 | 3 Month |
| 25 | | SVS Jalima | 05 | 64 | 3030366.00 | 61000.00 | 5000.00 | 3 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 287181 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर शहर के गैरेज लेन के समीप सोमवार देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की दर्दनाक मौत हो गई। युवक सड़क किनारे खड़ी हाइवा में पीछे से जा टकराया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान धोबीटोला निवासी आकाश नायक पिता स्व. नरेश नायक के रूप में हुई है।

### रोजगार सृजन के लिए बैठक आयोजित

**मनिका।** लातेहार जिला के मनिका प्रखंड ब्लॉक कार्यालय में मंगलवार को रोजगार सृजन का बैठक किया गया। बैठक में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे वही बैठक में उपस्थित महिलाओं को लातेहार जिले से आए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सचिन साहू ने बैठक में महिलाओं को बताया कि। दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना अंतर्गत 18 से 35 वर्ष के आयु वर्क के उन इच्छुक लोगों को प्रशिक्षण देना और उनको फिर रोजगार देना। वैसे व्यक्ति जो ट्रेनिंग के बाद उसे रोजगार में लगा दिया गया था कुछ दिन हमारे लगाए हुए रोजगार में काम किए और छोड़ दिए हैं वैसे व्यक्ति फिर से रोजगार में जुड़ना चाहते हैं। मौके पर अरविंद प्रकाश, नीरज कुमार, प्रकाश रंजन, अनु टोप्पो, साईं दत्ता, समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 11 वीं पुण्यतिथि मनी

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत और रोल महुआमिलान स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को श्री शाहदेव की 11वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक चंद्रमणी राम, शिक्षक प्रशांत शाहदेव, लाल उदित नाथ शाहदेव, शिवनारायण महतो एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत समिति सदस्य की समीक्षा बैठक संपन्न

**लातेहार।** लातेहार जिला के मनिका प्रखंड कार्यालय मे पंचायत समिति की समीक्षा बैठक हुई संपन्न। आज दिन मंगलवार को मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति का समीक्षा बैठक किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने बताया कि समीक्षा बैठक दो महीने में एक बार की जाती है। इस बैठक में 29 विभाग के लोगों को उपस्थित होना अनिवार्य है। लेकिन विभाग के कुछ लोग उपस्थित नहीं हुए हैं। वैसे लोगों पर स्पष्टीकरण निकाली जाएगी।

### डिलिवरी के मैनेजर ने धोखाधड़ी कर गबन को लेकर थाने में दिया आवेदन

टंडवा (चतरा)। डिलिवरी सिक्योरिटी कंपनी के मैनेजर पंकज कुमार सिंह ने टंडवा थाने में आवेदन देकर धोखाधड़ी कर पैसा गबन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि टंडवा थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस चौक में चतरा के दीवानखाना मोहल्ला निवासी अरविंद कुमार पिता रामदेव प्रजापति द्वारा केंद्र खोलकर फरवरी 21 से अक्टूबर 21 तक संचालित किया है। इस दौरान जांच पड़ताल करने पर 166855 रुपए तथा डिलीवरी की गई सामानों के बदले प्राप्त 215070 रुपए गायब पाया गया। इस मामले को पुलिस निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने संज्ञान लेते हुए समुचित जांच पड़ताल के लिए एसआइ अभिनव आनंद को जिम्मेवारी सौंपा है। वहीं प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## डीसी ने नेतरहाट के विभिन्न गांवों व पर्यटन स्थलों का किया भ्रमण

# नेतरहाट में पर्यटकों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव ने नेतरहाट के विभिन्न गांवो एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर

### आंगनबाड़ी केंद्र के लिए नये भवन का किया जायेगा निर्माण

### पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये गए निर्देश

ग्रामीणों एवं पर्यटकों के लिए किन योजनाओं की आवश्यकता है इससे अवगत होकर पदाधिकारियों को दिशानिर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने स्थल भ्रमण के क्रम में सिरसी तक पहुंच पथ के निर्माण के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि सिरसी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र का भवन जर्जर स्थिति में है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के लिए नये भवन के निर्माण हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को सिरसी में जल जीवन मिशन का कार्य अविलम्ब पूर्ण कर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने नेतरहाट में पर्यटन के विकास के लिए कोयल व्यू पॉइंट को विकसित करने, नेतरहाट डैम के सौंदर्यीकरण, नैना जलप्रपात के सौंदर्यीकरण, पर्यटकों के वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा विकसित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने नेतरहाट में होम स्टे की सुविधा विकसित करने हेतु पदाधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने नेतरहाट में स्ट्राबेरी फार्म का अवलोकन किया। उन्होंने नेतरहाट में स्ट्राबेरी की खेती को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, नोडल पदाधिकारी एससीए श्रेयांश, नोडल पदाधिकारी पर्यटन शिवेंद्र कुमार सिंहएवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## नेतरहाट सिरसी गांव में ग्रामीण पर्यटन विकसित करने की कवायद तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** नेतरहाट के बागेसखुआ से लेकर सीरसी गांव तक रोड के लिए भूमि सत्यापन कार्य आरंभ कर दिया गया है, वही मंगलवार को महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन और वन विभाग महुआडांड़ के कर्मी सीरसी पहुंचे, साथ ही अंचल सीआई एवं अमीन मौजूद थे। रैयती प्लोट व वन विभाग की भूमि की मापी की जा रही है। वही इस संबंध में एसडीओ श्री सुरीन ने कहा कि, झारखंड पर्यटन विभाग व ग्रामीण पर्यटन विकास के तहत पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत नेतरहाट के सिरसी गांव को चुना है। जहां होम स्टे की सुविधा को विकसित कि जानी है, वही नेतरहाट वाले पर्यटक इस गांव में होम स्टे की सुविधा के साथ झारखंड संस्कृति को करीब से जान पायेंगे, इसे लेकर बागेसखुआ से सीरसी तक लगभग






दो किलोमीटर सड़क बनना है, इस दौरान महुआडांड़ अंचल सीआई गौतम कुमार, अंचल अमीन साथ वन विभाग के सीरसी उप परिसर प्रभारी सुरज सुमन, पंकज कुमार पाठक, मिथलेश ठाकुर मौजूद थे। ज्ञात हो देश विदेश से नेतरहाट आने वाले पर्यटक सीरसी गांव पहुंचकर नेतरहाट की खूबसूरती के साथ झारखंड की संस्कृति से भी रू-ब-रू होगें।

इसको लेकर झारखंड पर्यटन विभाग ने ग्रामीण पर्यटन विकास के तहत 2021 में पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत नेतरहाट के सिरसी गांव को चुना है। आने वाले पर्यटक इस गांव में रह कर राज्य की संस्कृति को करीब से जान पायेंगे। सिरसी गांव में आने वाले पर्यटक गांव-देहात के स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजन के स्वाद का भी ले सकेंगे, साथ लोक संगीत एवं कल्चर देखने को मिलेगा, इस गांव में स्टे होमौम योजना के तहत पर्यटकों के रहने को टेंट, खपरैल एवं मिट्टी घर बनाये जायेंगे।

## बीएसओ ने मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का किया निरीक्षण





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के रेन बसेरा परिसर में चल रहे मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने 5 में दिए जा रही मुख्य मुख्यमंत्री दाल भात थाल का निरीक्षण किया। इस दौरान अन्नपूर्णा स्वयं सहायता समूह के शारदा देवी को मुख्यमंत्री दाल भात योजना का नए मोबाइल ऐप का जानकारी देते हुए समूह की महिलाओं को नए मोबाइल ऐप लोड कर केंद्र में आने वाले सभी लोगों को भोजन खिलाने के तत्काल बाद उसकी फोटो ऐप में भेजने का निर्देश दिया। कहां की ऐसे में केंद्र में भोजन करने वाले सभी लोगों की तत्काल जानकारी ऐप के माध्यम से सरकार को हो सकेगा।

आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री दाल भात संचालन केंद्र को सरकार की सभी दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए सही ढंग से केंद्र का संचालन करना है। जिससे इस योजना का लाभ सही ढंग से जरूरतमंद लोगों को प्राप्त हो सके। निरीक्षण के क्रम में केंद्र में भोजन करने आने वाले लोगों से भी आपूर्ति पदाधिकारी ने पूछताछ करते हुए मिलने वाली भोजन की जानकारी ली।

वही इस संबंध में एम ओ ने बताया कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दाल भात योजना केंद्र में अनुदानित दर पर चावल दाल उपलब्ध कराया जाता है, जिसका लाभ सही तरीके से जरूरतमंद लोगों को मिले इसलिए केंद्र में खाना खाने आने वाले लोगों को सभी लोगों का तस्वीर ऐप में लोड करने का निर्देश दिया गया है ताकि इस योजना में चल रहे फजीर्वाड़ा को पर अंकुश लगाया जा सके। निरीक्षण के दौरान समूह के शारदा देवी बनवारी सिंह विजय कुमार पप्पू समेत अन्य लोग शामिल थे।

## चापाकल खराब रहने से लोगों को परेशानी, लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के दूरदराज की बात तो दूर प्रखंड मुख्यालय में मुख्यालय के बस स्टैंड चौक परिसर में बीते एक माह से बस स्टैंड का दोनों चापानल खराब पड़ा हुआ जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड परिसर में रेन बसेरा के सामने एवं रिंकू सिंह होटल के बगल में बस स्टैंड आने वाले लोगो एवं आसपास के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दो चापाकल लगाया गया है। लगे दोनो चापानल से बस स्टैंडके दुकानदारों ही नहीं दूरदराज से आने वाले लोगों को पेयजल से निजात प्राप्त होती है। लेकिन दोनों चापानल बीते 1 माह से अधिक समय से खराब पड़ा हुआ है। चापाकल खराब रहने से लोगों को दूरदराज के चापाकल में का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे लोगों को प्रतिदिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस



स्टैंड के दुकानदारों एवं लोगों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का ध्यान इस ओर दिलाते हुए चापाकल मरम्मत की मांग किया था। लेकिन अब तक चापाकल नहीं बनने से लोगों की परेशानी बढ़ी है। ऐसे में बस स्टैंड के अगल-बगल के दुकानदारों रोहित सिंह, कृष्णा गुप्ता, राज किशोर गुप्ता, जयबोद प्रसाद, सुनील कुमार चौरसिया, सोनू सरदार, जय नाथ सिंह, दुख राज सिंह समेत अन्य सभी दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं पूर्वी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर का ध्यान इस ओर दिलाते हुए चपाकल की अविलंब मरम्मत करवाने की मांग किया है।

## दूसरे दिन भी चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर मंगलवार को दूसरे दिन भी थाना के समीप जिला परिवहन विभाग के द्वारा हेलमेट व ड्रंक एन ड्राइव के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट व कागजात के परिवहन कर रहे वाहनो की जांच की गई जांच में कई वाहन चालक बिना हेलमेट व कागजात के पकड़े गए जिनसे जुर्माना भी वसूला गया। जांच कर रहे परिवहन कर्मी ऋषिराज कुमार व रजनीकांत कुमार ने बताया कि यह अभियान अभी लगातार चलाया जाएगा नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई भी की जायेगी। साथ उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट व वाहन से संबंधित कागजात साथ लेकर चलने की भी अपील की है। ज्ञात हो कि इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में काफी वृद्धि देखी जा रही है बीते सोमवार शाम भी सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग युवक की मौत हो गई।

## असुर समुदाय बहुल गांव में रोज नही खुलता आंगनबाड़ी केंद्र, स्वेटर वितरण भी नहीं हुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड के नेतरहाट पंचायत अंतर्गत ग्राम हुसंबु के ढोड़ीकोना गांव जो आदिम जनजातिय विलुप्तप्राय असुर समुदाय बहुल गांव है। इस गांव में आज तक आगनबाड़ी केंद्र भवन नही बना है, इस पोषण क्षेत्र की प्रवेक्षिका स्वेता कुमारी के अनुसार गांव में ही किराये पर एक कमरा लेकर केंद्र संचालित किया जाता है। लेकिन गांव के ग्रामीण कहतें है, कि गांव में बनें एक शेड पर केन्द्र को चलाया जाता है, वही सेविका और सहायिका मनमाने ढंग से केंद्र चलाते है, सप्ताह में एक दिन ही आगनबाड़ी केंद्र खोला जाता है, खिचड़ी बनाकर बच्चों को खिलाया जाता है। वहीं हुसंबु आगनबाड़ी केंद्र में अभी तक बच्चो के बीच स्वेटर का वितरण भी नही किया गया है।

ज्ञात हो कि हुसंबु ग्राम पठार क्षेत्र है, पूरे नेतरहाट क्षेत्र में सबसे ज्यादा ठंड इसी इलाके पर पड़ता है, लातेहार जिला एकमात्र असुर समुदाय का गांव के लोग बहुत गरीब है, इनके पास सही ढ़ंग से पहनने के लिए कपड़े नही होते है, ऐसे में असुर बच्चों को स्वेटर वितरण नही करना।

सुमंती असुर ने कहा कि सेविका पकरीपाठ की है, महीने तीन या चार दिन आती है, अभी तक स्वेटर नही मिला है, मेरा एक बच्चा आंगनबाडी मे जाता है,जब सेविका आती है, तब भोजन बनता है, गांव में आंगनबाड़ी भवन नही है।

राजेन्द्र असुर ने कहा की गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन मिला हुआ है, लेकिन बनाया नही जा रहा, मनमाने ढंग से केंद्र खोला जाता है। कोई अधिकारी भी निरीक्षण करने नही आते है।

इस संबंध में महुआडांड़ महिला प्रवेक्षिका स्वेता कुमारी ने कहा कि भवन निर्माण निकला हुआ है, लेकिन भूमि को लेकर विवाद होने कारण भवन नही बन पा रहा है, स्वेटर नही वितरण होने की जानकारी हुई है, इसकी जांच होगी, 14 अगस्त तक सेटर बंद है। लेकिन भोजन खिलाना है।

## 5 दिवसीय रुद्र महायज्ञ की तैयारी का मुखिया ने लिया जायजा



**चंदवा।** प्रखंड के मालहन पंचायत अंतर्गत लोहरसी शिव मंदिर प्रांगण में आहूत पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी का जायजा मालहन मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने लिया। श्री मुंडा ने शिव मंदिर समिती के अध्यक्ष उमेश सिंह सचिव सतेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष पिंटू गिरी से मिलकर यज्ञ से संबंधित तैयारी के संबंध में जानकारी विस्तार से ली।समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति के संचालनकर्ता संतोष सिंह एवं प्रेरक फलहारी गिरी बाबा आयोजन को भव्य बनाने के लिए तन मन से लगे हुए हैं।उन्होंने बताया कि दिनांक 11 जनवरी दिन बुधवार को आह्वान झंडा व आरती पूजन किया जाएगा साथ ही प्रसाद वितरण होगा।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी भेजा जेल

**गिद्धौर (चतरा)।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर गांव निवासी गणेश भुइयां के 22 वर्षीय पुत्र राहुल भुइयां को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राहुल पर गांव के ही एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर शादी की नियत से भगाने का आरोप है। इस मामले में नाबालिग लड़की के माता के द्वारा थाना में आरोपी के विरुद्ध दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरीत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गांगपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। जबकि नाबालिग को भी बरामद कर लिया गया।

## आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी(चतरा)।** मंगलवार को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज पंचायत के गुल्ली आंगनबाड़ी केंद्र में समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध स्वेटर का वितरण किया गया। पंचायत के मुखिया रामदेव यादव व समाजसेवी सिंटू यादव के उपस्थित में सेवकि के द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध स्वेटर का वितरण केंद्र में नामांकीत बच्चों के बीच किया गया। स्वेटर पाकर बच्चे और उनके अभिभावक काफी हर्षित हुए। बच्चों के बीच स्वेटर वितरण होने से इस ठंड में उन्हें राहत मिलेगी। सभी बच्चों को दो-दो स्वेटर दिया गया। मौके पर अतिथियों के अलावे सेविका, सहायिका व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिसई-शिवपुर ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण प्रक्रिया तेज

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से उत्पादित कोयले का रेलवे से संप्रेषण के लिए प्रस्तावित टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई से शिवपुर रेलवे साइडिंग तक ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी विजय कुमार दास ने बताया कि सड़क निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्मित कराए जाएंगे। जिसके लिए विभागीय स्तर से भू-रैयतों, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य प्रगति पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सड़क के अधिग्रहण होने वाले भूखंडों का मुआवजा भू-अर्जन कार्यालय के माध्यम से किया जाएगा।

## ग्रामीणों ने पथ मरम्मती को लेकर आरईओ के अभियंता को सौंपा पत्र

# मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो एक फरवरी को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष करेंगे प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** जिले के सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलगी-जबड़ा मुख्य पथ मरम्मती को लेकर ग्रामिणो ने आरईओ के कार्यपलक अभियंता को लिखित ज्ञापन सौंपा है। जिसमें एक हजार अस्सी ग्रामीणों का हस्ताक्षर है। पत्र में कहा गया है कि पथ दो पंचायत, दस गांव के साथ दो जिला पलामू और लातेहार को जोड़ता है। पर दस वर्षों से जर्जर है। पथ खराब होने से हजारों राहगीरों और प्लस टू उच्च विद्यालय सलगी के सैकड़ों छात्र छात्राओं और शिक्षकों को भारी प्रेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क में गड्ढे होने और पुल क्षति ग्रस्त होने से दुर्घटना होते रहती है। किसान सब्जी औने पौने दाम पर गांव में ही बेचने पर मजबूर हैं। पूर्व में कई बार संबंधित विभाग, पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों को सड़क मरम्मती के लिए आग्रह किया गया है। लेकिन नतीजा सिफर है। ग्रामीणों ने पत्र में कहा है कि उक्त पथ की मरम्मती नहीं होती है तो एक फरवरी को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे।।प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के को लेकर अभियंता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता और ग्रामीण विकास सचिव को ग्रामीणों के पत्र के अग्रसारित कर शीघ्र इस मामले को निष्पादन का आग्रह किया है। आवेदन की प्रतिलिपि सासंद, विधायक व उपायुक्त को भी दी गई है।

## बैठक — एससीए मद से विकास योजनाओं के चयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक

# नई योजनाओं पर चर्चा कर दिया गया प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में विशेष केन्द्रीय सहायता मद (एससीए) से योजनाओं के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में हुई। बैठक मुख्य रुप से सरकार के प्रधान सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार के पत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में





विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत प्रस्ताव भेजने के लिए की गई। जिला योजना पदाधिकारी के द्वारा कृषि विकास एवं अजीविका सम्वर्धन, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कौशल विकास एवं वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में विकास से संबंधित प्रस्ताव संबंधी जानकारी दी गई। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से इन क्षेत्रों में विकास हेतु विचार विमर्श कर विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा उत्तरी आर थंगा पांडियन, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा दक्षिणी एसपी सुमन, कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जेएसएलपीएस से अनिल डुंगडुंग समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## शराब उन्मूलन को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** एसपी राकेश रंजन के निर्देशानुसार पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के बेलहर में मंगलवार को थाना प्रभारी बमबम कुमार के नेतृत्व में शराब उन्मूलन को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान मौके से 50-60 किलो महुआ जावा के साथ शराब बनाने में प्रयुक्त सामानों को नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शराब उन्मूलन को लेकर अभियान अभीयान चलाया गया आगे भी अभियान जारी रहेगा। हालांकी पुलिस के पहुंचने से पहले इस अवैध कारू में लगे लोग फरार हो गए थे। संबंधितों की पहचान की जा रही है।



# भारतीयों ने एक साल में देश में भेजे रिकॉर्ड 100 अरब डॉलर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बताया कि वर्ष 2022 के दौरान भारतवंशियों द्वारा देश में भेजी गई रकम इसके पिछले साल के मुकाबले 12 फीसदी बढ़कर करीब 100 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई। देश के विकास में प्रवासी भारतीयों के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने ये आंकड़े पेश किए। सीतारमण ने इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के एक सत्र के दौरान कहा, कोविड-19 महामारी शुरू होने के बाद 2022 के दौरान भारतवंशियों ने विदेश से देश में लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर भेजे जो 2021 के मुकाबले 12 फीसजी ज्यादा है। उन्होंने कहा, लोगों ने सोचा था कि महामारी के प्रकोप के चलते भारत लौटे पेशेवर शायद लौटकर विदेश नहीं जाएंगे, लेकिन वे वहां पहले के मुकाबले ज्यादा तादाद में रोजगार के लिए गए और पहले के मुकाबले ज्यादा रकम देश में पहुंचाई। वित्त मंत्री ने प्रवासी भारतीयों को भारत का वास्तविक राजदूत करार दिया और उनसे अपील की कि जहां तक संभव हो सके, वे भारत में बने उत्पादों और सेवाओं का इस्तेमाल करें ताकि देश के अलग-अलग ब्रांड का दुनिया भर में प्रचार हो सके। उन्होंने कहा कि भारतवंशियों द्वारा देश के छोटे-बड़े कारोबारियों के साथ भागीदारी भी की जानी चाहिए ताकि आजादी के अमृत काल के दौरान अगले 25 साल में प्रवासी भारतीयों के उद्यमिता कौशल को भुनाया जा सके। सीतारमण ने यह भी कहा कि चीन प्लस वन नीति के बाद दुनिया अब ह्यूरोपीय संघ (एव) प्लस वन नीति की बात भी कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के सामने भारत को ऐसे देश के रूप में पूरी मजबूती से प्रस्तुत कर रही है जहां वे चीन और एव के अलावा अपने कारखाने लगा सकती हैं।

## एनसीएलएटी ने श्रीराम अर्बन इन्फ्रा के समाधान पेशेवर को हटाने को सही ठहराया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने श्रीराम अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के कर्ज समाधान पेशेवर (आरपी) को हटाने के एनसीएलटी के आदेश को बरकरार रखा है। इसके साथ ही एनसीएलएटी ने मंगलवार को उक्त समाधान पेशेवर के खिलाफ जांच करने का निर्देश भारतीय ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला बोर्ड (आईबीबीआई) को देते हुए कहा कि कानून के अनुरूप कार्रवाई की जाए। एनसीएलएटी की दो-सदस्यीय पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का कर्ज समाधान के लिए नियुक्त पेशेवर को हटाने का फैसला उसके न्यायाधिकार के भीतर ही लिया है।

# हल्दी के कारोबार पर मंदी का साया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हल्दी की पैदावार देश में पिछले साल से ज्यादा देखी जा रही है। लेकिन कीमत में मामले में निचले स्तर पर पहुंचते जा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों को देखें तो इस बार मंडियों में हल्दी की आवक पहले से कहीं अधिक है यानी देश में इसकी बंपर उपज हुई है। फिर क्या इस पर मंदी का साया है या फिर कोई कारण? हल्दी की कीमतों में आ रही गिरावट का जो सबसे बड़ा कारण सामने आया है वो है इसकी मांग में कमी। दरअसल, देश में इसका उत्पादन तो अधिक हो रहा है, लेकिन मांग कम होने के कारण इसके दाम निचले स्तर पर देखे जा रहे हैं। इसकी तुलना में एक साल पहले कोरोना की वजह से हल्दी की मांग में बड़ा इजाफा देखने को मिला था और इसके रेट भी उसी तेजी से बढ़े थे। गौरतलब है कि काढ़ा आदि में हल्दी के इस्तेमाल ने दाम बढ़ाने में मदद की थी। किसान टेक की रिपोर्ट के मुताबिक, जहां पिछले साल हल्दी की बिकवाली आठ और सवा आठ हजार प्रति कुंटल पर चल रही थी। वही इस साल मौजूदा सीजन में हल्दी का कारोबार छह हजार रुपये से 6400 रुपये के आसपास है।

## 4 साल 240 दिन काम करने के बाद कर्मचारियों की ग्रेच्युटी से नहीं रोक सकती

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




हर नौकरी करने वाले व्यक्ति को 5 साल लगातार किसी कंपनी में जॉब करने के बाद ग्रेच्युटी की सुविधा मिलती है। जब आप कंपनी छोड़ते हैं तो इसका भुगतान नियोक्ता को करना पड़ता है। ग्रेच्युटी एक्ट 1972 के नियम के मुताबिक हर उस कंपनी को अपने कर्मचारियों को ग्रेच्युटी देनी पड़ती है जो 10 से ज्यादा लोगों को रोजगार देते हैं। अगर आप कंपनी में लगातार 4 साल 240 दिन काम करते हैं तो आप ग्रेच्युटी के हकदार बन जाते हैं, लेकिन कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं जब नियोक्ता ने अपने कर्मचारियों को ग्रेच्युटी देने से इनकार कर दिया है। अगर आपके साथ भी ऐसा हुआ है तो आप इसके लिए कंपनी को सबसे पहले लीगल नोटिस भेजें। इसके बाद भी आपको पैसे नहीं मिलते हैं तो आप इसकी शिकायत लेबर कमिशनर ऑफिस में कर सकते हैं। इसके बाद लेबर कमिशनर ऑफिस का एक अधिकारी इस पूरे मामले की जांच करता है। अगर आपका पक्ष सही पाया जाता है तो वह कंपनी को ग्रेच्युटी भुगतान का 30 दिन का वक्त दे सकता है। अगर इसके बाद भी कंपनी पैसे नहीं देती है तो 30 दिन के बीतने के बाद 15 दिन के भीतर कंपनी पर कानूनी कार्रवाई की शुरूआत की जा सकती है। अगर इस मामले में कंपनी दोषी पाई जाती है तो उसके मालिक को 6 महीने से लेकर 2 साल तक की जेल हो सकती है।

## अमूल के एमडी आरएस सोढ़ी ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** आरएस सोढ़ी ने गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे इसके ब्रांड नेम 'अमूल' के नाम से जाना जाता है। जीसीएमएमएफ के सीओओ जयन मेहता को अब यह पद सौंपा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मेहता को केवल अस्थायी प्रभार दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड की सोमवार को चेयरमैन शामलभाई पटेल और वाइस चेयरमैन वालमभाई हम्बल के नेतृत्व में हुई मीटिंग में आर एस सोढ़ी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। जीसीएमएमएफ अमूल ब्रांड को ऑपरेट करने वाली मूल फर्म है। साल 2010 में अमूल की कमान आरएस सोढ़ी के हाथ में गई जो पिछले 30 सालों से अमूल के साथ जुड़े थे।

# अब पैसों की भारी किल्लत से जूझ रहा पाकिस्तान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका की हालात साल 2022 के बेहद खराब हो गए थे और पूरा देश कंगाल हो गया था। अब श्रीलंका जैसे हालात देश के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में दिखाई दे रहे हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की इकोनॉमी की हालत पिछले कुछ दिनों से बहुत खराब है। ऐसे में देश में बुनियादी चीजों की किल्लत हो रही है। ऐसे में अब देश में शादी-ब्याह और रोजमर्रा के जीवन में भी खाना बनाने में परेशानी हो रही है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम हो रहा है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार 8 साल के सबसे निचले स्तर यानी करीब 5.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। ऐसे में इस राशि से पाकिस्तान के 3 हफ्ते ही जरूरत की चीजों का आयात कर पाएगा। पाकिस्तान में श्रीलंका जैसे हालात बन चुके हैं। देश का विदेशी कर्ज जहां लगातार बढ़ रहा है, वहीं विदेशी मुद्रा में लगातार कमी देखी जा रही है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 के मार्च तक देश का कपल विदेशी कर्ज 43 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गया है। इस कर्ज में एक बड़ा हिस्सा इमरान खान के कार्यकाल का है। उन्होंने केवल 3 साल के दौरान कुल 1400 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का कर्ज लिया है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन.आर.ई.पी.), चतरा ।

**Email Add: nrepchatra@gmail.com**

**–ःरद्द संबंधी सूचनाः–**

इस कार्यालय के पत्रांक 840, दिनांक 27.12.2022 द्वारा राज्य योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत आमंत्रित ई–अति अल्पकालीक निविदा सूचना सं0–04/22–23 (PR No. 286086 NREP (22-23).D) में वर्णित कार्य को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

अगले तिथि की सूचना प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दे दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR 287129 NREP(22-23)D



## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार

समग्र शिक्षा अभियान, समाहरणालय भवन, दूसरी मंजिल, लातेहार,
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

### कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में शिक्षिकाओं के चयन हेतु आवश्यक सूचना

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक–**GE/08/163/2022-23/2835** दिनांक 03.11.2022 के आलोक में लातेहार जिलान्तर्गत संचालित कुल 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक विषयवार शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्णतया अस्थायी अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तो के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 10.12.2022 तक अपराहन 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह –जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार कार्यालय में आमंत्रित किये थे। पुनः राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक 3694 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में संशोधित पत्र अनुसार जिला अर्न्तगत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में पूर्णकालीक शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर लघुकालीन संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन **दिनांक 21.01.2023** तक अपराहन 05:00 तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। जिसमें झारखण्ड एवं बाहर के मैट्रिक एवं इण्टर पास अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। साथ ही पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन जिसकी निर्धारित समय सीमा दिनांक 10.12.2022 तक थी, के आलोक में जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन समर्पित किया जा चुका है उन्हें फिर से आवेदन देने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें भी सम्मिलित कर लिया जायेगा।

| क्र. | पदनाम | रिक्ति | रोस्टर UR | BC1 | BC2 | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–गणित | 4 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–विज्ञान | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– शारीरिक शिक्षा | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिला शिक्षा पदधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी लातेहार के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिला कार्यालय समग्र शिक्षा लातेहार में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगें। साधारण डाक से भेजें गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि :–

| क्र. | पदनाम | रिक्ति | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक गणित षिक्षिका | कुल पद –04 अनारक्षित–02 अनुसूचित जाति–1 अनुसूचित जनजाति–01 | 1. **शैक्षणिक अहर्ता** :–किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक षिक्षिका यथा क्रमांक 1,2 एवं 3 पर अंकित पदो हेतु आवेदन किया जा रहा हों), में न्यूनतम 50 प्रतिषत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यार्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगी। राज्य परियोजना कार्यालय रॉची के पत्रांक 3694 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में झारखण्ड एवं राज्य के बाहर से मैट्रिक एवं इंटर पास अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। 2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता**ः–मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक शिक्षिका के लिए Bachelor in physical Education/ Degree in Physical Education अनिवार्य होगा। 3. **शिक्षक पात्रता परीक्षा**ः–राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (**TET**) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा शारीरिक शिक्षिका हेतु TET अनिवार्य नहीं है। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिषत की वृद्धि देय हागी। 2.संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | पूर्णकालिक विज्ञान षिक्षिका | कुल पद –02 अनारक्षित–02 | | |
| 3. | पूर्णकालिक शारीरिक शिक्षिका | कुल पद –02 अनारक्षित–01 अनुसूचित जाति–01 | | |

**चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्ते निम्नवत हैं–**

1. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य मान जायेंगे। पुरूष अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेतर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा।
3. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाएगा।

**आयु सीमा :–**

I. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 तथा अधिकत्तम उम्र 35 वर्ष होगी परंतु उच्चतम उम्र में कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या–29 दिनांक 04.01.2021 झारखंड सरकार के आलोक में निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Unreserved Category | 35 |
| 2 | Female (UR/EWS/BC-1/BC-II) | 38 |
| 3 | Extremely Backward Classes (Annexure-I/ Backward Classes Annexure-II) | 37 |
| 4 | SC/ST (Male and Female) | 40 |
| 5 | Person with bench Mark Disability (PWBD) | A Relaxation of 10 years in their Respective category. |

II. अनुभवी महिला **Ex- Servicemen** को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

III. उम्र की गणना आवेदन करने के वर्ष 01.08.2022 के आधार पर की जायेगी।

4. **आवेदन**–सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 21.01.2023 के संध्या 5:00 बजे तक संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा (**SSA**) लातेहार के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। **पता–जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार। समाहरणालय परिसर, लातेहार पिन कोड–829206.**
5. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते, अहर्ता, विषयवार एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निर्देश झारखण्ड शिक्षा परियोजना लातेहार के अधिकारिक वेबसाईड **www.latehar.nic.in** पर उपलब्ध हैं। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकरी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।
6. **आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–**
   I. 23x10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा।
   II. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वः अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए।
   III. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
   IV. झारखंड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।
7. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।
8. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।
9. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समीति, लातेहार को सुरक्षित रहेगा।
10. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे। अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकर नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा,अभियान, लातेहार

PR 287194 Human Resource Developement(22-23)#D



## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### मत्स्य पालकों के लिए आवश्यक द्वितीय सूचना का प्रकाशन

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के आदेश के आलोक में लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में भारत सरकार के मात्स्यिकी पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" की शुरूआत की गई है। यह नीली क्रांति के माध्यम से नीली क्रांति लाने की एक योजना है।

उक्त योजना का मुख्य उद्देश मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवता तकनीकी आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अन्तर को पाटना, मूल्य श्रृखला का आधुनिकीकरण एवं सदृढ़ीकरण, मजबूत मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा का स्थापना एवं मछुआरों का कल्याण है, जिससे मछुआरे एवं मत्स्य कृषकों की आय दुगुनी करने एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार यह सामाजिक, भौतिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक होगा। इस योजना के अन्तर्गत Centrally Sponsored Component जो की केन्द्र एवं राज्य के द्वारा लागू प्रत्यक्ष लाभार्थ उन्मुख अर्थात व्यक्तिगत / समूह गतिविधियों या ग्रुप में की जाएगी, जिसकी सूची Funding Pattern के साथ निम्नवत् होगी। आवेदन जमा कार्यालय अवधि में समय 4.00 बजे अपराह्न तक की जा सकती है।

इस योजना के अन्तर्गत चिन्हित लाभुक जनित कार्यकमों की सूची निम्नांकित है :–

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | अनुमानित लागत (लाख में) | सामान्य के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार अनुदानित 40%) (लाख में) | अ0ज0जा0/ अ0जा0 एवं महिला के लिए सरकार द्वारा (केन्द्र एवं राज्य सरकार) अनुदानित 60% (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 3 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिग तालाब) | हे0 में | 07.00 | 2.80 | 4.20 |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 07.00 | 2.80 | 4.20 |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन/पंगेषियष एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो आउट तालाबों के निर्माण में) | हे0 में | 04.00 | 1.60 | 2.40 |
| 6 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4.0 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 |
| 7 | जलाशय में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 आंगुलिकायें प्रति हे0 (3.00 लाख/1.00 अंगुलिकाओं हेतु) | हे0 में | @Rs.03/ Fingerling | @Rs1.20/ Fingerling | @Rs.1.80/ Fingerling |
| 8 | बैकयॉर्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग इकाई | (सं0 में) | 8.00 | 3.20 | 4.80 |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली इकाई(ब्रीडिंग एवं रियरिंग हेतु) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों में ब्रूड बैंक की स्थापना | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promotion Of Recreational Fisheries) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 अैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उॅचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 15 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उॅचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 17 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 मी0³ क्षमता का 1 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उॅचाई के 7 टैंक वाले छोट़े बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 |
| 19 | बैकयॉर्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कूलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.20 | 0.30 |
| 20 | जलाशयों में केज अधिष्ठापन | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 21 | आर0एफ0एफ0/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | हे0 में | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 22 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 40.00 | 16.00 | 24.00 |
| 23 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 80.00 | 32.00 | 48.00 |
| 24 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 120.00 | 48.00 | 72.00 |
| 25 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | (सं0 में) | 150.00 | 60.00 | 90.00 |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लॉट का आधुनिकीकरण | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 27 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 28 | ईन्सुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 29 | आईस बॉक्स युक्त मोटर साईकल, | (सं0 में) | 0.75 | 0.30 | 0.45 |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकल, | (सं0 में) | 0.10 | 0.04 | 0.06 |
| 31 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ 3 पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 |
| 32 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 |
| 33 | लघु फिश फिड मिल (प्रतिदिन 2 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 12.00 | 18.00 |
| 34 | मध्यम फिश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 35 | वृहत फिश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 200.00 | 80.00 | 120.00 |
| 36 | फिश फिड प्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 650.00 | 260.00 | 390.00 |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहति) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 |
| 38 | फिश कियोस्क का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारित मछली एवं एक्वेरियम सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 4.00 | 6.00 |
| 39 | मछली के मूल्य सवंर्धित उत्पाद इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 |
| 40 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR (Detailed Project Report)/SCP (Self Contained Proposal) पर आधरित | | | |
| 41 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing labs (मछलियों की बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 42 | Establishment of Disease diagonostic and quality testing Mobile labs/Clinics(मछलियों की बिमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लीनिक की स्थापना) | (सं0 में) | 35.00 | 14.00 | 21.00 |
| 43 | Traditional Fishermen के लिए नाव (Replacement) एवं जाल | (सं0 में) | 05.00 | 2.00 | 3.00 |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवायें (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 |
| 45 | Bivalve Cultivation (Pearl Culture) (भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किये जाने पर ) | (सं0 में) | 0.20 | 0.08 | 0.12 |
| 46 | आर्थिक रुप से कमजोर पारंपरिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | (सं0 में) | केन्द्रांश–1500 रु0 + राज्यांश–1500 रु0 + लाभुक अंशदान–1500 रु0= 4500 रु प्रति वर्ष | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | (सं0 में) | बिमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | |
| 48 लाभुक को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा। | | | | | |

वित्तीय वर्ष 2023–24 में उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के लातेहार जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने वाले इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन जमा कार्यालय अवधि में समय 4.00 बजे अपराह्न तक की जा सकती है।

**नोट** :– यह प्रारंभिक चरण है, जिसके अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कारवाई की जा रही है। योजना के प्रशानिक अनुमोदन के पश्चात् ही इसे कार्यरूप दिया जाएगा। इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में नोटिस बोर्ड से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
लातेहर

PR 287151 Fish(22-23).D

ज्ञान की बात

**हम यह मानते हैं कि ईश्वर किसान के माध्यम से अन्न उत्पन्न करता है। हमें दिखाई देता है कि किसान कर्म कर रहा है; किंतु कर्म तो ईश्वर कर रहा है। तो किसान के कर्म में अकर्म है और ईश्वर हमें कर्म करते दिखाई नहीं देते, इसलिए ईश्वर के कर्म में अकर्म है। ईश्वर ने यदि ऐसा बीज न बनाया होता, जिसमें अंकुर फूट सकता और अनाज की बालियां प्रकट हो सकती तो किसान किससे अन्न उत्पन्न करता? -ठाकुर जी**

## इंटरनेट व डिजिटल

**वक्त** के साथ बदलती दुनिया में आज आधुनिक तकनीक रोजमर्रा की जिंदगी में निर्भरता का मामला बनती जा रही है। ऐसे तमाम काम हैं, जो इंटरनेट या डिजिटल माध्यम की वजह से पहले के मुकाबले काफी आसान हुए और अब यह आम लोगों की जरूरत भी बन गए हैं। लेकिन इसके साथ यह भी होता गया कि इंटरनेट या इससे जुड़ी तकनीकी लोगों पर इस कदर हावी होने लगी है कि उससे आम जीवन कई स्तरों पर प्रभावित हो रहा है। खासतौर पर बच्चों की दुनिया में बढ़ते खालीपन और एकाकीपन की भरपाई अब डिजिटल गतिविधियों से होने लगी हैं। सवाल है कि आम लोगों और बच्चों तक के बीच इस क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता का दायरा क्या है और वह किस स्तर तक सुरक्षित है! हाल के वर्षों में ऐसे तमाम मामले सामने आए, जिनमें इंटरनेट पर या किसी आनलाइन खेल का हिस्सा बनने वाले लोगों और बच्चों को इसका अंदाजा भी नहीं हुआ कि वे कैसे मानसिक से लेकर आर्थिक जंजाल में फंसते जा रहे हैं और उन्हें इसका भारी नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। ऐसी आनलाइन गतिविधियों को लेकर अब तक ऐसा कोई विस्तृत और ठोस नियमन नहीं रहा है, जिसके सहारे इसकी वजह से मुश्किल में पड़े लोग अपने लिए कोई मदद हासिल कर सकें।यही वजह है कि सरकार ने अब सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन के लिए एक मसविदा पेश किया है, जिसके तहत स्व-नियामकीय निकाय बनाने का प्रावधान है। साथ ही, अब आनलाइन खेल संचालित करने वाली कंपनियों को सट्टा लगाने की इजाजत नहीं होगी। मसविदे के मुताबिक, अब आनलाइन खेल के प्रतिभागियों के सत्यापन की व्यवस्था करने के साथ ही उन्हें इस तरह के खेलों की लत और वित्तीय नुकसान से बचाने के भी उपाय निकाले जाएंगे। दरअसल, आम जनजीवन में डिजिटल माध्यम का विस्तार अब जरूरी कामों के समांतर युवाओं और बच्चों की निजी दुनिया में भी जिस तरह हुआ है, उसके कुछ आयाम एक संजाल की तरह जकड़ रहे हैं। मसलन, आनलाइन खेल को लेकर बच्चों के बीच भी जैसा आकर्षण बढ़ा है, वह केवल मनोरंजन की हद तक सीमित नहीं है। उसमें पैसों की ठगी से लेकर सट्टेबाजी तक के बढ़ते मामलों ने एक नई चिंता पैदा की है। अक्सर

**हाल के वर्षों में ऐसे तमाम मामले सामने आए, जिनमें इंटरनेट पर या किसी आनलाइन खेल का हिस्सा बनने वाले लोगों और बच्चों को इसका अंदाजा भी नहीं हुआ कि वे कैसे मानसिक से लेकर आर्थिक जंजाल में फंसते जा रहे हैं।**

ऐसी खबरें आती रहती हैं कि ऐसे मनोरंजन में कोई बच्चा खरीदारी के नाम पर ठगी का शिकार हो गया और उसके परिवार के किसी व्यक्ति के बैंक खाते से बड़ी रकम निकाल ली गई। इसी तरह ऐसे खेलों के दायरे में सट्टेबाजी के मामले भी देखे जा रहे हैं। इसमें ठगी की वजह से खुदकुशी तक की घटनाएं भी सामने आईं। जाहिर है, फिलहाल डिजिटल दायरे में चलने वाले ऐसे खेल पर कोई अंकुश न होने या इसे लेकर सख्त नियम-कायदों के अभाव ने आनलाइन ठगी करने वालों को एक तरह से खुला मैदान मुहैया कराया है, जिसके शिकार बच्चे और अन्य साधारण लोग हो रहे हैं।

# ओहदेदारों के रुतबे तले पिस रही है आम आवाम



**स्वाधीनता** के बाद भी देश में दोहरे मापदण्डों का पटाक्षेप नहीं हो रहा है। राजनेताओं, अधिकारियों तथा चर्चित चेहरों के लिए विशेष व्यवस्थायें व्यवहार में आती हैं जबकि आम नागरिक को अपने अधिकारों की सुरक्षित हेतु लम्बी जद्दोजेहद करना पडती है। अंग्रेजों के जमाने की व्यवस्था आजादी के बाद भी जस की तस चली आ रही हैं। शासन-प्रशासन में शामिल ओहदेदारों के रुतवे तले आम आवाम पिस रही है। दलगत राजनीति के दिग्गजों से लेकर छोटे-बडे अधिकारियों तक के लिए कानून के साथ खिलवाड़ करने हेतु बेतहाशा मौके मौजूद हैं। लचीला प्रक्रिया से लेकर अपील तक की पेचैंदगी में एक संविधान का सम्मान करने वाला पिसकर रह गया है। गोरों की तरह थोपने वाली नीतियां आज भी निरंतर चल रहीं हैं। आपातकाल में दूरगामी नीतियों के तहत एक सम्प्रदाय विशेष के विरुध्द नसबंदी अभियान, कानून के उलंघन का आरोप लगाकर जेलबंदी, संचार माध्यमों पर अंकुश जैसी अनगिनत स्थितियों को नागरिकों पर थोपा गया। सकारात्मकता के विरोध में भी विपक्ष की चिल्लाचोट करने की आदत, दलगत राजनीति के लिए कानून का दुरुपयोग और व्यक्तिगत हितों के लिए चोर दरवाजों के उपयोग ने आम नागरिकों में असंतोष की भावना को गहराई तक पोषित कर दिया है। सोशल डिस्टैंसिंग अर्थात सामाजिक दूरी, दो गज की दूरी जैसे सिलोगन ने नौकरशाही के मानसिक दिवालियापन को चीख-चीखकर उजागर किया था। फिजिकल डिस्टैंसिंग यानी शारीरिक दूरी और दो मीटर की दूरी जैसे शब्दों का चयन भी किया जा सकता था, जो निश्चित ही हिन्दी भाषा की संपन्नता को प्रदर्शित करता। सामाजिक दूरी बनाने और दूरी को गज में नापने की कल्पना भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के अलावा कोई और कर ही कैसे सकता है। गुलामों पर जो चाहो थोप दो। गवर्मेन्ट सर्वेन्ट यानी लोक सेवक जब नौकरशाह बन जाते हैं तब ऐसी स्थितियां झेलने के लिए लोगों को बाध्य होना ही पड़ता है। गलतियों पर उठने वाली आवाजों को दबाने के अनेक हथकण्डे अपनाने वाले प्रशासन के सामने तो अनेक बार शासन तक नतमस्तक हो चुका है। यह सब अंग्रेजी और अंग्रेजियत की गुलामी का असर है जो तंत्र में स्पष्ट दिख रहा है। वेतन के नाम पर भारी भरकम धनराशि पाने वाले अधिकारियों की सोची समझी योजना तथा संविधान निर्माण के दौरान की व्यवस्था ने हिन्दी को राष्ट्र भाषा होने के बाद भी अपनी ही धरती पर बेगाना बना दिया है। उच्च तथा उच्चतम न्यायालयों में न्याय की उम्मीद से जाने वालों को अंग्रेजियत के सामने आज भी माथा टेकना पड़ता है। एक ही अपराध के लिए पुलिस स्टेशन में अलग-अलग दृष्टिकोण से प्राथमिकी दर्ज करने का प्रचलन भी निरंतरता बनाये हुए है। पीडित से आरोपी की तरह व्यवहार करने में खाकी का कोई सानी नहीं है। कंझावला केस में पीडिता की मां की गुहार को निरंतर अनदेखा किया जा रहा है। उस बेबस मां के पुत्र को पूछतांछ के नाम पर पुलिस कभी भी उठा ले जाती है। इस मामले में खूब चीख चिल्लाहट हो रही है परन्तु खाकी का रवैया जस का तस बना हुआ है। केस में शुरूआत से ही की गई अनियमितताओं पर विभाग खामोश है। चश्मदीदों को भगा देने से लेकर पोस्टमार्टम में देरी जैसे विभिन्न महात्वपूर्ण बिन्दुओं को नजरंदाज करने के पीछे पीडिता का गरीब घर में जन्म लेना ही उत्तरदायी बना हुआ है। वहीं ऋषभ पंत की दुर्घटना से केवल क्रिकेट जगत में ही कोहराम नहीं मचा बल्कि देश के पूरे तंत्र में प्रतिक्रिया हुई। उत्तराखण्ड के डीजीपी अशोक कुमार जब पंत के हेल्थ के अपडेट दे रहे थे तब ओवर स्पीडिंग पर पूछे गये प्रश्न का जबाव देते हुए उन्होंने इसे नकारते हुए कहा कि यह सिंपल स्लीपिंग का केस है। जबकि गाड़ी की स्थिति चीख-चीखकर अपनी ओवर स्पीडिंग की कहानी सुना रही है। मगर मामला क्रिकेट स्टार का है, सो सरकार से लेकर अधिकारियों तक ने संदेहास्पद स्थितियों पर किनारा कर लिया। इतना ही नहीं बल्कि पंत को बचाने वाले चालक-परिचालक को सम्मानित तक करने की घोषणा कर दी। काश, ऐसी सुविधा देश के प्रत्येक नागरिक को मुहैया होती। आम गण के लिए अलग तंत्र तथा विशेष गण के लिए अलग तंत्र की गोरी नीतियां आज आजादी के बाद भी जस की तस लागू हैं। वाहन से कुचलकर मार डालने पर अलग सजा है जबकि झगडे में जान लेने पर अलग सजा है। सम्प्रदाय विशेष पर लगने वाले आरोपों को खारिज करने के लिए कानून के जानकारों की फौज का खडा होना भी इसी श्रंखला की एक महात्वपूर्ण कडी है। अभिव्यक्ति की आजादी के कानून कुछ खास लोगों के लिए ही कवच बनता है जबकि अन्य के लिए उसे विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अपराध माना जाता है।

**सकारात्मकता के विरोध में भी विपक्ष की चिल्लाचोट करने की आदत, दलगत राजनीति के लिए कानून का दुरुपयोग और व्यक्तिगत हितों के लिए चोर दरवाजों के उपयोग ने आम नागरिकों में असंतोष की भावना को गहराई तक पोषित कर दिया है। सोशल डिस्टैंसिंग अर्थात सामाजिक दूरी, दो गज की दूरी जैसे सिलोगन ने नौकरशाही के मानसिक दिवालियापन को चीख-चीखकर उजागर किया था।**

इन दिनों



डा. रवीन्द्र अरजरिया

### बोधि वृक्ष

## सुनें महादेव की कहानियां

**कुछ** समय बाद भगवान शिव ने पार्वती को अपना विहार वन दिखाया। वह अनेक सुंगध्युक्त पल्लवों शोभित था। शिव बोलेः हे देवी! जैसे तुम मुझको बहुत प्रिय हो, वैसे ही यह आनंद वन भी मुझे परम प्रिय है। मेरे अनुग्रह से इस आनंद वन में में मरे हुए को जन्म-मरण का बंधन नहीं होता अर्थात वह फिर संसार में जन्म नहीं लेता। पुण्यात्मा के कर्मबीज विश्वनाथ की प्रज्वलित अग्नि में जल जाते हैं, उसी से फिर वे गर्भाशय में नहीं आते। काशीवासी लोगों के देहांत-समय में मैं ही तारक ब्रह्म-ज्ञान का उपदेश देता हूं जिससे वे उसी क्षण मुक्त हो जाते हैं। कलियुग में विश्वनाथ देव का दर्शन-पूजन, काशीपुरी, भागीरथी गंगा आदि का सेवन तथा सत्पात्र को दान विशेष फलदायक होता है। हे देवी! काशीवासी सदा मुझमें ही बसते हैं। इससे मैं उनको अंत में संसार-सागर से पार कर देता हूं। यह मेरी प्रतिज्ञा है। इस तरह वातार्लाप करते-करते भगवान शिव उस स्थान पर गए, जहां हरिकेश समाधि लगाए बैठा था। उसको देखकर पार्वती ने कहाःभगवन! यह आपका तपस्वी भक्त है। इस समाधिस्थ भक्त को वर देकर इसका मनोरथ पूर्ण कीजिए। इसका चित्त केवल आपमें ही लगा है और इसका जीवन भी आपके ही अधीन है। पार्वती की बात सुनकर भगवान शिव उसके पास गए और उन्होंने समाधि में स्थित उस हरिकेश को हाथ से स्पर्श किया। दया सिंधु का स्पर्श पाकर उस यक्ष ने आंखें खोलकर अपने सम्मुख प्रत्यक्ष अपने अभीष्ट को देखा।

(क्रमशः)

# 13 जनवरी को उद्धव गुट या सत्तावानों का मनभावन होगा?

**सर्वोच्च** न्यायालय में 13 जनवरी को शिंदे गुट के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली उद्धव गुट की याचिका पर सुनवाई है। इसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। उद्धव गुट के राज्य सभा सांसद संजय राउत ने कहा है कि यह सरकार( शिंदे सरकार) फरवरी का महीना नहीं देख पायेगी। जिस दिन उच्चतम न्यायालय फैसला सुनायेगा, उसी दिन सरकार गिर जायेगी। जबकि शिंदे गुट ने राउत के इस बयान को प्रचार स्टंट कहा है। इस बारे में कई विधि विशेषज्ञों व राजनेताओं की राय कुछ अलग ही तरह की है। उन्होंने इसके लिए पेगासस, नोटबंदी, उप्र निकाय चुनाव सहित अन्य कई मामले में मनभावन उदाहरण गिनाते हुए बने अवधारणा को देखते हुए आगे भी मनभावन की ही संभावना जताई है। यह हुआ तो उद्धव गुट को एक और करारा झटका लगेगा।

लेकिन इस दौरान राकांपा प्रमुख शरद पवार ने जिस तरह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की प्रशंसा की है और आगामी लोकसभा चुनाव में मिलकर लड़ने की बात कही है, उससे शिंदे गुट को चिंता होने लगी है। इसकी काट के लिए भाजपा ने शरद पवार के भतीजे अजीत पवार को किसी भी तरह से अपने पाले में करने की पहल कर दी है। इसकी झलक नागपुर में हुए विधानसभा सत्र के दौरान देखने को मिली। कोशिश है कि ईडी, सीबीआई की घेराबंदी से परेशान हो अजीत पवार आगामी लोकसभा चुनाव के पहले कमलवत हो जाएं।

**पटनायक का केंद्र को उसी के तरीके से जवाब**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हॉकी के लिए बहुत कुछ किया है। आज देश की महिला हॉकी टीम जिस स्तर पर पहुँची है, उसमें भी इनका बहुत योगदान है। अब यह इसी को ब्रांड बनाकर अपने प्रशासनिक क्षमता को प्रचारित करने तथा आगामी लोक सभा व राज्य विधान चुनावों में भुनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

दोनों ही चुनाव अगले वर्ष एक साथ होने वाले हैं, लेकिन जिस तरह से केन्द्र के हुक्मरान ने जनवरी 2023 से ही प्रवासी भारतीय दिवस से लगायत अगले वर्ष 2024 के जनवरी में अयोध्या में श्री राम मंदिर पूजन व प्रवेश कार्यक्रम तक की चुनावी लाभ वाली योजनाएं बना ली हैं, इसके बीच में जी 20 के अलग-अलग कार्यक्रमों का देश के प्रमुख शहरों में अलग-अलग तिथि पर आयोजन की तैयारी हो रही है, उसी तरह से अपने राज्य ओडिशा में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पुरुष हॉकी के विश्वकप से शुरूआत कर रहे हैं। इस बार हॉकी विश्वकप का आयोजन 13 से 19 जनवरी के बीच ओडिशा के दो शहरों- भुवनेश्वर व राउरकेला में होगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम तथा राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घोषणा की है कि यदि भारतीय टीम विश्वकप जीती, तो राज्य सरकार प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक करोड़ रुपए देगी। इस आयोजन के ठीक पहले सात जनवरी को राज्य सरकार ने राउरकेला से नई विमानन सेवा भी शुरू कराई लेकिन इसके विज्ञापन में ना तो प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की और न ही केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के चित्र छपे। चर्चा है कि हर कार्यक्रम को अपने फोटो पोज व एकल प्रचार का समारोह बना देने वाले केन्द्रीय हुक्मरान को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जैसे को तैसा के तर्ज पर जवाब दिया है। हालांकि इस पर धर्मेंद्र प्रधान बहुत हाय-तौबा मचा चुके हैं लेकिन नवीन पटनायक को लगता है, इसकी रत्ती भर भी परवाह नहीं है।

ओडिशा के कई पत्रकारों का कहना है कि बीते लोकसभा व विधान सभा चुनाव में भाजपा केन्द्रीय हुक्मरानों की करनी से झटका खाये नवीन पटनायक ने अब आगामी लोकसभा व विधान सभा चुनाव में सठे साठ्यम् वाला रवैया अपनाकर ,गंवाई लोक सभा सीटें वापस पाने की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं।

**इस बार हॉकी विश्वकप का आयोजन 13 से 19 जनवरी के बीच ओडिशा के दो शहरों- भुवनेश्वर व राउरकेला में होगा। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम तथा राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घोषणा किया है कि यदि भारतीय टीम विश्वकप जीती , तो राज्य सरकार प्रत्येक खिलाड़ी को एक - एक करोड़ रुपए देगी।**

सत्ता के गलियारे से



कृष्णमोहन सिंह

### फोटो की दुनिया

नाथू गिरोह का भगवा इनकी जूती में. अब क्या होगा भावनाओं का?
तस्वीर Hitesh S Verma की वाल से साभार



### ट्वीट-ट्वीट

Deepika Rastogi
@Real_Deepika_
सेठीजी तब कहा थे जब नचनिया ने भगवा बिकनी पहनी ओर उसे बेशर्म रंग कहा,आप इस मेटर से अलग रहे वो ही आपके लिए बेहतर होगा, सनातनी अब बॉलीवुड बॉयकॉट से पीछे हटने वाले नही है, बॉलीवुड ने बहुत अश्लीलता बिखेर दी,अब हद हो गयी।

### फेसबुक वॉल से




**पहली तस्वीर में राहुल गांधी के साथ जिस गिलास को रखा गया है, उसमें लाल पानी है। दूसरी तस्वीर में जिस गिलास को रखा गया है, उसमें चाय है। इसी को कहते हैं फोटोशॉप। किसी को भी बदनाम करने के लिए ये सब खूब हो रहा है इन दिनों।**

# मोटे अनाज में क्यों बढ़ रही है लोगों की दिलचस्पी

**देश** और दुनिया में मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया जा रहा है। हाल ही में मोटे अनाज को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए संसद में मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। बड़े-बड़े होटलों से लेकर संसद के मेन्यू तक में इसे शामिल किया गया है। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को मिलेट ईयर (मोटा अनाज वर्ष) घोषित किया है, जिसका प्रस्ताव भारत ने ही रखा था। अरसे बाद जब ये सुपरफूड के रूप में विदेशों से लौटे और धनाढ्य वर्ग की थाली की शोभा बढ़ाने लगे, तो इनके प्रति दिलचस्पी बढ़ी। सरकार भी इनके उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। मोटे अनाज की कैटिगरी में ज्वार, बाजरा, रागी (मंडुआ), जौ, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, कुटकी, कांगनी और चीना जैसे अनाज आते हैं। सवाल यह है कि भारत सहित दुनिया के देश मोटे अनाज की खेती पर जोर क्यों दे रहे हैं? असल में, मोटापा, दिल की बीमारियों, टाइप-2 डायबीटीज, कैंसर से पीड़ित लोगों को डायटीशियन मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करने की सलाह देते हैं। इनमें कई गुना अधिक पोषक तत्व पाये जाते हैं। इसीलिए मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहा जाता है। मोटे अनाज में फाइबर ही नहीं, विटामिन-बी, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम और कई तरह के एंटीऑक्सिडेंट्स पाए जाते हैं। मोटे अनाजों से बने उत्पाद- बेबीफूड, बेकरी, ब्रेकफास्ट आदि बेचकर चीन मोटी कमाई कर रहा है। यह तब है जब वह दुनिया का मात्र 9 फीसदी ही मोटा अनाज पैदा करता है।

**मोटे अनाज में बढ़ रही है दिलचस्पी :** एक समय मोटे अनाज की चपाती, इडली, डोसा बनाये जाते थे। आधुनिक किस्म के स्नैक्स और प्रचलित स्वाद के अनुसार मोटे अनाज की खपत बढ़ाई जा सकती है। ऐसे में मोटे अनाज पर आधारित प्रोसेस्ड फूड की इकाइयों में व्यापक स्तर पर निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। मोटे अनाज की खेती देश के गरीब किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। इसमें महंगे रासायनिक खाद और कीटनाशकों की जरूरत नहीं पड़ती। मोटे अनाज देश के पर्यावरण के लिए भी अनुकूल हैं। हाल के वर्षों में मोटे अनाजों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके उत्पादक किसानों को अपनी उपज का बेहतर दाम भी मिल रहा है। मोटे अनाजों की फसलें प्रतिकूल मौसम को भी झेल सकती हैं। अच्छी फसल के लिए ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। भारत में तो हजारों साल से ये अनाज भोजन का अनिवार्य हिस्सा रहे हैं। हमारी पीढ़ी जो पांच-छह दशक पहले बड़ी हो रही थी, उनमें से बहुतों ने बचपन में ज्वार, बाजरा, जौ, मक्का की चूल्हे पर सिंकी स्वादिष्ट रोटियां खूब खाई हैं। बाजरे की खिचड़ी, घी मिलाकर बनाए इसके लड्डू, समा के चावल भी भोजन का हिस्सा रहे हैं। गेहूं की रोटी में भी चने का आटा मिलाकर खाया जाता था, जिसे मिस्सा आटा कहते थे। वैश्विक स्तर पर मोटे अनाज के उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी है। भारत ने कुछ मोटे अनाजों को हजारों साल पहले अपना लिया था। इनका जिक्र प्राचीन वैदिक साहित्य में भी मिलता है। यजुर्वेद में प्रियंगव, श्याम-मक्का और अनवा का उल्लेख है। लेकिन हरित क्रांति के बाद गेहूं और धान जैसे अनाजों की पैदावार में भारी इजाफा हुआ। नतीजतन मोटे अनाज की खेती के प्रति किसानों का रुझान घटता चला गया। बहरहाल, गेहूं-चावल की बढ़ी हुई पैदावार का हमारे परंपरागत खान-पान की आदतों पर भी बहुत प्रभाव पड़ा। केन्द्र सरकार की तरफ से किसानों को मोटे अनाज की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि ज्यादा उत्पादन हो और मोटा अनाज हर वर्ग की पहुंच में आ जाए। केंद्र सरकार ने बाजरा सहित संभावित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और पोषक अनाजों की सप्लाई चेन की मुश्किलों को दूर करने के लिए पोषक अनाज निर्यात संवर्धन फोरम का गठन किया है। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

**एक समय मोटे अनाज की चपाती, इडली, डोसा बनाये जाते थे। आधुनिक किस्म के स्नैक्स और प्रचलित स्वाद के अनुसार मोटे अनाज की खपत बढ़ाई जा सकती है। ऐसे में मोटे अनाज पर आधारित प्रोसेस्ड फूड की इकाइयों में व्यापक स्तर पर निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। मोटे अनाज की खेती देश के गरीब किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं।**

खेती-किसानी



रवि शंकर

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# एक्यूपंचर चिकित्सा के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए इस तरह बढ़ायें कदम

एक्यूपंचर में डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। इस क्षेत्र में उचित प्रशिक्षण व अनुभव की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप बारहवीं के बाद एक वर्ष के डिप्लोमा कोर्स से लेकर तीन वर्षीय डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। चीन से उत्पन्न हुआ एक्यूपंचर चिकित्सा विज्ञान का इस्तेमाल आज पूरे विश्व में किया जाता है। एक्यूपंचर को नीडलिंग थेरेपी भी कहा जाता है। इस चिकित्सा थेरेपी के दौरान विशिष्ट बिंदुओं पर बहुत बारीक सुइयों का इस्तेमाल करके दर्द या बीमारी का इलाज किया जाता है। एक्यूपंक्चर इस सिद्धांत पर आधारित है कि ऊर्जा, जिसे ची भी कहा जाता है, शरीर में और आसपास के मार्ग से बहती है। लेकिन व्यक्ति को बीमारी तब होती है, जब यह ऊर्जा या ची ब्लॉक हो जाती है। एक्यूपंक्चर प्रक्रिया ची को अनब्लॉक या प्रभावित करने और वापस संतुलन में लाने में मदद करने का एक तरीका है। इन दिनों पूरे विश्व में जब लोग वैकल्पिक चिकित्सा का रूख कर रहे हैं तो ऐसे में एक्यूपंचर को बेहद प्रभावी माना जा रहा है। अगर आप चाहें तो इस क्षेत्र में अपना सुखद भविष्य देख सकते हैं।



## स्किल्स

एक्यूपंचर में अपना भविष्य देख रहे छात्रों में वैकल्पिक चिकित्सा और हॉलिस्टिक हीलिंग प्रॉपर्टीज में गहरी रूचि होनी चाहिए। इसके अलावा, आपमें बेहतरीन इंटरपर्सनल, कम्युनिकेशनल व लिसनिंग स्किल्स होने चाहिए। साथ ही आपमें संवेदनशीलता और पेंशेट की समस्या को समझने की गहरी समझ होनी चाहिए। धैर्य, सेल्फ अवेयरनेस और इमोशनल स्टेबिलिटी भी एक एक्यूपंचर स्पेशलिस्ट के लिए जरूरी है।

## योग्यता

एक्यूपंचर में डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। इस क्षेत्र में उचित प्रशिक्षण व अनुभव की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आप बारहवीं के बाद एक वर्ष के डिप्लोमा कोर्स से लेकर तीन वर्षीय डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएशन के बाद आप दो वर्ष का मास्टर कोर्स भी कर सकते हैं। एक्यूपंक्चर पाठ्यक्रम में छात्रों को एक्यूपंक्चर के विभिन्न पहलुओं जैसे शरीर के एक्यूपंक्चर बिंदुओं, एक्यूपंक्चर के फंडामेंटल, एक्यूपंक्चर मेरिडियन्स, फाइव एलिमेंट थ्योरी, एंसिलियरी एक्यूपंक्चर, क्लासिकल एक्यूपंक्चर, एप्लाइड एक्यूपंक्चर, इतिहास और पारंपरिक चीनी दवा (टीसीएल) के बारे में सिखाते हैं।

## संभावनाएं

एक एक्यूपंचर स्पेशलिस्ट क्लीनिक, जिम, हेल्थ सेंटर्स, रिहैबिलेशन सेंटर्स, रिकवरी केयर यूनिट्स और मनोरोग वार्ड में काम कर सकते हैं। इसके अलावा, आप इस क्षेत्र में रिसर्च कर सकते हैं और एक्यूपंचर कोर्स संचालित करने वाली यूनिवर्सिटी व इंस्टीट्यूट में बतौर शिक्षक काम कर सकते हैं। इतना ही नहीं, आप स्वतंत्र निजी चिकित्सक के रूप में भी काम कर सकते हैं। इस क्षेत्र में स्वरोजगार बेहद आम है।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपकी सफलता पर निर्भर करती है। हालांकि शुरूआती दौर में आपकी आमदनी बहुत अधिक नहीं होती। लेकिन धीरे-धीरे अनुभव के बाद आपकी आमदनी भी बढ़ती जाती है। इतना ही नहीं, प्रसिद्धि प्राप्त करने के बाद आप हर सेशन के लिए चार्ज कर सकते हैं और अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- **बिहार एक्यूप्रेशर योगा कॉलेज, पटना**
- **इंडियन एकेडमी ऑफ एक्यूपंचर साइंस, औरंगाबाद**
- **इंडियन बोर्ड ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, कोलकाता**
- **इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, दिल्ली**
- **ऑल इंडिया अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल, नैनीताल**
- **इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ एक्यूपंचर एंड नेचुरल मेडिसिन, नई दिल्ली**

# पेट्रोलियम भंडार का पता लगाने की नई पद्धति विकसित

करीब 100 साल से भी पहले ऊपरी असम के डिगबोई तेल क्षेत्र की खोज के बाद असम-अराकान को 'श्रेणी-I' बेसिन के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दशार्ता है कि यहां महत्वपूर्ण मात्रा में हाइड्रोकार्बन भंडार हैं। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन युक्त भूमिगत शैल संरचनाओं के छिद्रों में पाया जाता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं को एक ऐसी सांख्यिकीय पद्धति विकसित करने में सफलती मिली है, जो सतह के नीचे शैल संरचना के आकलन के साथ-साथ पेट्रोलियम तथा हाइड्रोकार्बन भंडार का पता लगाने में सक्षम है। ऊपरी असम बेसिन में स्थित 'टिपम फॉर्मेशन' में शैलीय वितरण और हाइड्रोकार्बन संतृप्ति क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने में इस पद्धति को प्रभावी पाया गया है।

नई विकसित पद्धति का उपयोग भूकंपीय सर्वेक्षणों से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के लिए किया गया है। पेट्रोलियम रिजर्व के लिए विख्यात उत्तर असम क्षेत्र के कुओं से संबंधित आंकड़ों को भी इस अध्ययन में शामिल किया गया है। इस पद्धति से शोधकर्ताओं को 2.3 किलोमीटर की गहराई वाले क्षेत्रों में शैलों के वितरण और हाइड्रोकार्बन संतृप्ति क्षेत्रों से संबंधित सटीक जानकारी प्राप्त करने में सफलता मिली है।

भूमिगत शैल संरचनाओं के लक्षणों का पता लगाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। पृथ्वी की सतह के नीचे की संरचना को समझने के लिए भूकंपीय सर्वेक्षण विधियों और कुओं के लॉग डेटा का उपयोग किया जाता है। कुएँ के लॉग में तेल के कुओं की खुदाई के समय दिखाई देने वाली पृथ्वी की विभिन्न परतों का विवरण होता है। शोधकर्ता बताते हैं कि भूकंपीय सर्वेक्षण के दौरान सतह के भीतर ध्वनिक कंपन भेजे जाते हैं। जब ध्वनि तरंगें विभिन्न चट्टानी परतों से टकराती हैं, तो वे अलग-अलग विशेषताओं के साथ परावर्तित होती हैं। परावर्तित तरंगों को रिकॉर्ड किया जाता है और परावर्तन डेटा का उपयोग करके भूमिगत शैलों की संरचना की छवि बनायी जाती है। करीब 100 साल से भी पहले ऊपरी असम के डिगबोई तेल क्षेत्र की खोज के बाद असम-अराकान को 'श्रेणी-I' बेसिन के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दशार्ता है कि यहां महत्वपूर्ण मात्रा में हाइड्रोकार्बन भंडार हैं। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन युक्त भूमिगत शैल संरचनाओं के छिद्रों में पाया जाता है। शोधकर्ता बताते हैं कि असम की तेल समृद्ध घाटियों में पेट्रोलियम भंडार की पहचान के लिए इस क्षेत्र की चट्टानी संरचना के सर्वेक्षण और उनमें हाइड्रोकार्बन संतृप्ति क्षेत्रों का पता लगाने की आवश्यकता है।

आईआईटी मद्रास के पेट्रोलियम इंजीनियरिंग प्रोग्राम, ओशन इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ता प्रोफेसर राजेश आर. नायर के नेतृत्व में यह अध्ययन एम. नागेंद्र बाबू एवं डॉ वेंकटेश अंबत्ती के सहयोग से किया गया है। यह अध्ययन शोध पत्रिका साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित किया गया है।

प्रोफेसर राजेश नायर बताते हैं - 'भूकंपीय छवियों के कम रिजॉल्यूशन और वेल-लॉग और भूकंपीय सर्वेक्षणों से प्राप्त डेटा के संबंध को स्थापित करने में कठिनाई से भूमिगत संरचनाओं की इमेजिंग चुनौतीपूर्ण होती है। हमारी टीम ने जटिल कूप लॉग और भूकंपीय डेटा से हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की भविष्यवाणी करने के लिए यह नई पद्धति विकसित की है।'

प्रोफेसर नायर कहते हैं - 'तेल युक्त शैलों का पता लगाने के लिए उपसतह संरचनाओं के लक्षणों की पहचान के लिए डेटा एनालिटिक्स विधियों का उपयोग होता है, जो भूकंपीय डेटा और कुओं के लॉग से प्राप्त पेट्रोफिजिकल डेटा के बीच सांख्यिकीय संबंध स्थापित करता है। ये परस्पर संबंध उपसतह के पेट्रोफिजिकल गुणों का अनुमान लगाने में मदद करते हैं।'

शोधकर्ताओं ने अपने विश्लेषण में 'पॉइसन इम्पीडेंस' (पीआई) नामक एक उल्लेखनीय प्रवृति की भी पहचान की है। बलुआ पत्थर के भंडार क्षेत्र में द्रव सामग्री की पहचान करने के लिए पीआई का उपयोग किया गया है। इसके निष्कर्षों के आधार पर शोधकर्ताओं का दावा है कि पारंपरिक विधियों की तुलना में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र का अनुमान लगाने में 'पोइसन इम्पीडेंस' (पीआई) पद्धति अधिक प्रभावी पायी गई है।

प्रोफेसर नायर कहते हैं - 'तेल और गैस के उत्पादन के लिए वर्तमान में 26 ब्लॉकों की भारत की मेगा अपतटीय निविदा प्रक्रिया चल रही है। ऐसी नई तकनीकों से तेल और गैस कारोबार को काफी बढ़ावा मिल सकता है।'

# 8वीं पास के लिए निकलीं 3842 वैकेंसी



राजस्थान में होमगार्ड (स्वयं सेवकों) के पदों पर 3842 वैकेंसी निकाली गई है। इस नई राजस्थान होमगार्ड भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 जनवरी से 11 फरवरी 2023 तक भरे जाएंगे। चयन प्रक्रिया अप्रैल 2023 के पहले सप्ताह में होने की संभावना है। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा नहीं रखी गई है। कुल 50 अंकों पर मेरिट बनेगी। इनमें 25 अंक फिजिकल टेस्ट व शारीरिक मापतौल टेस्ट के होंगे। 20 अंक विशेष योग्यता के होंगे जिसमें एनसीसी, कंप्यूटर सर्टिफिकेट, आईटीआई जैसी योग्यताएं देखी जाएंगी। वहीं 5 अंक का मौखिक व्यक्तित्व परीक्षण होगा। सबसे पहले फिजकल टेस्ट (पीईटी व पीएसटी) होगा।

## योग्यता व आयु सीमा

आवेदक मान्यता प्राप्त स्कूल से 8वीं पास होना चाहिए। उसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना 1 जनवरी 2023 से की जाएगी। इसके अलावा ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी और आरक्षित वर्गों को सरकार के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी गई है।

## शारीरिक मानदंड

**पुरुष**

लंबाई - 168 सेमी

महिला - 152 सेम

छाती (केवल पुरुष उम्मीदवार) सामान्य - 81 सेमी, फुलाकर - 86 सेमी

वजन (केवल महिला उम्मीदवार) - कम से कम 47.5 किलोग्राम

## आवेदन फीस

सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग - 250 रुपये

एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस, एमबीसी - 200 रुपये

## यूं कर सकेंगे आवेदन

**आवेदन से पहले बनाएं एसएसओ आईडी :** राजस्थान होमगार्ड भर्ती विज्ञापन में कहा गया है कि ओवदन फॉर्म भरने के लिए आपसे एसएसओ आईडी नंबर मांगा जाएगा इसके लिए जरूरी है कि आप पहले संबंधित वेबसाट https://recruitment2.rajasthan.gov.in पर जाकर एसएसओ आईडी बनाएं। यह प्रक्रिया निशुल्क होती है। एसएसओ आईडी आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करते समय ई मित्र कियोस्क को उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

## आधिकारिक वेबसाइट से करें आवेदन-

एसएसओ आईडी बनाने के बाद उम्मीदवार को सरकार की आधिकारिक वेबसाइट https://recruitment2.rajasthan.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। यदि उम्मीदवार खुद से ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकता वो राज्य सरकार के आधीन संचालित ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से आवेदन करा सकता है।

# अरुणाचल में मिला दुर्लभ गवैया पक्षी

धूसर पेट वाला रेन बैबलर मुख्य रूप से म्यांमार में पाया जाता है। इस प्रजाति के कुछ पक्षी पड़ोसी देश चीन और थाईलैंड में पाए जाते हैं। भारत से धूसर पेट वाले रेन बैबलर की पिछली केवल एक रिपोर्ट रही है, जब 1988 में इन्हीं पहाड़ों से गाने वाले इस पक्षी के दो नमूने एकत्र किए गए थे। भारतीय बर्डवॉचर्स ने अरुणाचल प्रदेश के सुदूर क्षेत्र में गाने वाले एक पक्षी का पता लगाया है। यह गवैया पक्षी रेन बैबलर (Wren Babbler) की संभावित रूप से एक एक नई प्रजाति है। पक्षियों को खोजने वाले अभियान में शामिल अध्ययनकर्ताओं ने गाने वाले इस पक्षी का नाम लिसु रेन बैबलर रखा है।

इस अभियान दल में बेंगलुरु, चेन्नई और तिरुवनंतपुरम के बर्डवॉचर्स और अरुणाचल प्रदेश के उनके दो गाइड शामिल थे। अभियान के सदस्य धूसर रंग के पेट (Grey-bellied Wren Babbler) वाले दुर्लभ और चालाक रेन बैबलर की तलाश में उत्तर-पूर्वी अरुणाचल प्रदेश की मुगाफी चोटी की यात्रा पर निकले थे। जब वे वापस आये तो गाने वाले पक्षियों की सूची में एक नये नाम और विज्ञान के लिए नया दस्तावेज साथ लेकर लौटे।

धूसर पेट वाला रेन बैबलर मुख्य रूप से म्यांमार में पाया जाता है। इस प्रजाति के कुछ पक्षी पड़ोसी देश चीन और थाईलैंड में पाए जाते हैं। भारत से धूसर पेट वाले रेन बैबलर की पिछली केवल एक रिपोर्ट रही है, जब 1988 में इन्हीं पहाड़ों से गाने वाले इस पक्षी के दो नमूने एकत्र किए गए थे। एक नमूना अब अमेरिका के स्मिथसोनियन संग्रहालय में रखा गया है। पक्षीविज्ञानी पामेला रासमुसेन ने वर्ष 2005 में प्रकाशित अपनी पुस्तक में इस प्रजाति को शामिल किया और इसकी पहचान धूसर पेट वाले रेन बैबलर के रूप में की गई।

अध्ययनकर्ताओं का दल अरुणाचल प्रदेश के मियाओ से लगभग 82 किलोमीटर दूर लिसु समुदाय के दूरस्थ गांव विजयनगर पहुंचा था। विजयनगर से दो दिन की पैदल चढ़ाई करके अध्ययनकर्ता हिमालय के उस स्थान पर पहुंचे थे, जहां के बारे में माना जा रहा था कि वह रेन बैबलर का घर है। हालांकि, अध्ययनकर्ता यह देखकर आश्चर्यचकित रह गए कि प्रथम दृष्टया धूसर पेट वाले रेन बैबलर जैसे दिखने वाले पक्षी के गाने का स्वर रेन बैबलर के स्वर से भिन्न था। अभियान के सदस्यों में शामिल अध्ययनकर्ता प्रवीण जे. कहते हैं -'हमने जितने भी पक्षियों को पाया उनका गीत बेहद मधुर था, जो लम्बी दुम वाले नागा रेन बैबलर के गीतों के समान था। लेकिन, इन पक्षियों का स्वर धूसर पेट वाले रेन बैबलर के गीतों से बिल्कुल अलग था।'



अभियान के दौरान लगातार हो रही बारिश के बावजूद शोधकर्ता इन पक्षियों की कुछ तस्वीरें लेने और उनके स्वर की रिकॉर्डिंग करने में सफल रहे। वापस लौटकर उन्होंने विभिन्न संग्रहालयों और अन्य साइटों से ली गई तस्वीरों की सहायता से रेन बैबलर की त्वचा का विश्लेषण किया। उन्होंने धूसर पेट वाले रेन बैबलर की मौजूदा रिकॉर्डिंग के साथ उनकी आवाज का मिलान करने की कोशिश भी की। उन्हें स्मिथसोनियन संग्रहालय से एकल नमूने की तस्वीरें भी मिलीं।

अभियान के एक अन्य सदस्य दीपू करुथेदाथु कहते हैं - 'इसके नाम से ही संकेत मिलता है कि इस पक्षी के उदर का हिस्सा धूसर रंग का है। हालांकि, हमें जो तस्वीरें मिली हैं, उनमें सफेद पेट वाले पक्षी दिखाई दिए। आश्चर्यजनक रूप से, इन पहाड़ों से पूर्व मिले एकल स्मिथसोनियन नमूने का भी सफेद पेट था। अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि जब सभी सूचनाओं को समग्र रूप से देखा गया, तो इस नई प्रजाति का पता चला है। अभियान में मिले पक्षी की किसी भी ज्ञात प्रजाति से इसके पंखों एवं गीतों का संयोजन मेल नहीं खाता। अध्ययनकर्ताओं का मानना है रेन बैबलर पक्षी की यह कम से कम एक उप-प्रजाति या फिर नई प्रजाति हो सकती है। किसी प्रजाति या उप-प्रजाति की स्थापना और नामकरण के लिए वैज्ञानिक रूप से इन पक्षियों से आनुवंशिक सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी तुलना अन्य रेन बैबलर प्रजातियों से की जाती है।

खोजे गए पक्षी का नामकरण स्थानीय लिसु समुदाय के नाम पर लिसु रेन बैबलर के रूप में किया गया है। अभियान दल को उम्मीद है कि यह खोज विजयनगर और गांधीग्राम में स्थानीय समुदाय के बीच इस पहाड़ी आवास के संरक्षण के लिए अधिक ध्यान आकर्षित करेगी।

पिछले पांच वर्षों से नामदाफा में पक्षी अभियानों का आयोजन करने वाली अभियान की सदस्य योलिसा योबिन कहती हैं -'मेरा मानना है कि लिसु रेन बैबलर इस पर्वत श्रृंखला में और अधिक जगहों पर मौजूद हो सकते हैं। नामदाफा के करीब और अधिक सुलभ आबादी का पता लगाने की जरूरत है।'

यह अध्ययन दक्षिण एशियाई पक्षीविज्ञान की शोध पत्रिका इंडियन बर्ड्स में प्रकाशित किया गया है। प्रवीण जे., दीपू करुथेदाथु, और योलिसा योबिन के अलावा इस अध्ययन में सुब्रमण्यम शंकर, हेमराज दुरैस्वामी, और राहुल बरुआ शामिल हैं।

# इंटरव्यू देने से पहले क्या करें?

महंगाई में बढ़त के साथ हर कोई अपने करियर में बेहतर ग्रोथ की उम्मीद करता है (Career Growth)। लेकिन कई बार कंपनियां अपने एसेट्स यानी एंप्लॉइज को उतना इंक्रीमेंट नहीं दे पाती हैं। ऐसे में लोगों के पास नौकरी बदलने के अलावा दूसरा कोई ऑप्शन नहीं बचता है। अपने कंफर्ट जोन को छोड़कर नई नौकरी ढूंढना आसान नहीं होता है (New Job)। कई लोगों के लिए जॉब इंटरव्यू देना काफी स्ट्रेसफुल होता है। उनका आत्मविश्वास डगमगा जाता है और वह काबिल होते हुए भी रिजेक्ट हो जाते हैं। अगर आप नई नौकरी के लिए इंटरव्यू देने की प्लानिंग कर रहे हैं तो जानिए उसकी तैयारी के कुछ खास टिप्स।



**इन टिप्स से बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** पूरे इंटरव्यू सेशन के दौरान कॉन्फिडेंट रहना बहुत जरूरी होता है। इससे जॉब मिलने की गारंटी बढ़ जाती है। जानें कुछ ऐसे टिप्स, जिनकी मदद से इंटरव्यू से पहले खुद को तैयार किया जा सकता है।

**खुद से करें पॉजिटिव बातें :** इंटरव्यू से पहले खुद को तैयार करने के लिए पॉजिटिव रहना बहुत जरूरी है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और इंटरव्यू में सफल होने की गारंटी बढ़ जाती है। इस दौरान अपने आस-पास पॉजिटिव माहौल रखें। जरा भी नेगेटिविटी आपके आत्मविश्वास को डगमगा सकती है।

**एक्सरसाइज को दें टाइमः** किसी भी जॉब इंटरव्यू से पहले अपनी फिटनेस पर ध्यान दें। इंटरव्यू के स्ट्रेस में कई लोग अपनी सेहत पर ध्यान देना छोड़ देते हैं और फाइनल दिन उनकी तबियत खराब हो जाती है। बेहतर रहेगा कि हर दिन थोड़ी देर एक्सरसाइज या वॉक करें।

**गाने सुनें और खान-पान पर करें गौर :** इंटरव्यू के लिए जाने से पहले अच्छे गाने सुनें। इस दौरान भड़कीला संगीत सुनने के बजाय कुछ ऐसा सुनें, जो आपके दिल को सुकून दे। इसके साथ ही अपनी डाइट का भी ख्याल रखें। अच्छे खान-पान से सेहत दुरुस्त रहेगी और मन भी अच्छा रहेगा।

**मेडिटेशन से शांत रहेगा मन :** कई लोग मेडिटेशन के फायदों को नहीं समझते हैं। इंटरव्यू से पहले थोड़ा बेचैन होना सामान्य बात है। लेकिन मेडिटेशन करने से आप बेहतर फील करेंगे, आपका दिमाग शांत रहेगा और लाइफ में स्पष्टता भी आएगी। मन को रिलैक्स करने के लिए मेडिटेशन से बेहतर कुछ नहीं होता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : रहन-सहन कष्टमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। व्यर्थ के विवाद एवं झगड़ों से बचें।

**वृष राशि** : सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी।

**मिथुन राशि** : मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। कला या संगीत के प्रति रुचि बढ़ सकती है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क राशि** : परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह राशि** : कारोबार से आय में सुधार होगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिल सकता है। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या राशि** : बातचीत में संयत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं।

**तुला राशि** : परिवार की जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। वाहन सुख का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें।

**वृश्चिक राशि** : जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**धनु राशि** : परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। मित्र से वस्त्र उपहार मिलने के भी योग हैं। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**मकर राशि** : कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से आय में वृद्धि हो सकती है। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**कुंभ राशि** : कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन राशि** : नकारात्मक विचारों से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। मन में निराशा के भाव हो सकते हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### 17 जनवरी को ब्रोचर की लॉन्चिंग

**रांची ।** मंगलवार को रांची सांसद संजय सेठ ने 17, 18 व 19 फरवरी को खेलगांव में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक अपने केंद्रीय कार्यालय में की । इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। आगामी 17 जनवरी को महोत्सव से संबंधित रजिट्रेशन फॉर्म व ब्रोचर की लॉन्चिंग ओलंपिक खेल संघ परिसर, मोराबादी में किया जाएगा।

### वकीलों के बहिष्कार से लोगों की बढ़ी परेशानी

**रांची।** झारखंड के लगभग 35000 से ज्यादा वकील कार्य बहिष्कार पर हैं। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर सभी जिला अदालतों में वकील कोई न्यायिक कार्य नहीं कर रहे। हालांकि झारखंड हाईकोर्ट में कुछ वकील अदालत में उपस्थित हो रहे हैं लेकिन उसके बावजूद झारखंड में 6 जनवरी से न्यायिक कार्य ठप पड़े हुए हैं।

### कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के सहयोग से कार्मिक विभाग ने किया कार्यशाला आयोजित

# कर्मचारी नहीं, कर्मयोगी बनें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कर्मचारी से कर्मयोगी की प्रधानमंत्री की अवधारणा को हमें अपनाना है। प्रशासनिक सेवा में अधिकारियों की कैपेसिटी बिल्डिंग जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा आउटपुट मिले। मिशन कर्मयोगी के तहत कर्मचारियों को कर्मयोगी बनाने पर फोकस करना है। इसके लिये उन्हें कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन द्वारा विशेष प्रकार का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों के काम करने की शैली और प्रणाली में सुधार होगा। उक्त बातें मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने प्रोजेक्ट भवन में कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के सहयोग से कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में कहीं। कायार्शाला में कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के



सदस्य आर बालासुब्रमण्यम ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से मिशन कर्मयोगी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इसकी कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण और प्रशिक्षण केन्द्र के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी के जरिए कर्मचारी अपने परफॉर्मेंस में सुधार कर सकेंगे और अपनी क्षमता में इजाफा कर पाएंगे। भारतीय सिविल सेवा के अफसरों को भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा। उन्हें इस लिहाज से तैयार किया जाएगा कि वे रचनात्मक, पेशेवर, प्रोग्रेसिव और पारदर्शी तरीके से काम कर सकें। कर्मचारियों के विकास के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन का गठन किया गया है। इससे ट्रेनिंग के स्टैंडर्ड में सुधार का प्रयास किया जाएगा। इसके माध्यम से सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्किल डेवलपमेंट किया जाएगा। मिशन कर्मयोगी योजना के तहत कर्मचारियों को एक विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए उन्हें आवश्यक कंटेंट प्रदान किया जाएगा। ।

**कार्यशाला में उपस्थिति :** कार्यशाला में कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती वंदना डाडेल, प्रधान सचिव श्रीमती हिमानी पाण्डेय, प्रधान सचिव श्रीमती अराधना पटनायक, प्रधान सचिव श्री के के सोन, सचिव श्री सुनील कुमार,सचिव श्री मनोज कुमार, सचिव श्री मनीष रंजन,सचिव श्री के रवि कुमार, सचिव श्री प्रशांत कुमार, मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी, विभिन्न विभागों के सचिव, संयुक्त सचिव, कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव श्री रंजीत कुमार लाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**मंत्रिपरिषद के बैठक में लिए गये...**

राइडिंग क्वालिटी में सुधार (राइडिंग क्वालिटी में सुधार)/ मजबूतीकरण कार्य हेतु रू० 36,93,42,700/- (छत्तीस करोड़ तिरानबे लाख बियालीस हजार सात सौ रुपए) मात्र का प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

- पथ प्रमंडल, गिरिडीह अन्तर्गत सरिया (एमडीआर-116 पर) - कोयरीडीह-कठवारा (एसएच- 14 पर) (नारायणपुर) पथ (कुल लंबाई 44.46 किमी) का राइडिंग क्वालिटी में सुधार (राइडिंग क्वालिटी में सुधार)कार्य हेतु रू0 25,20,85,500/- (पच्चीस करोड़ बीस लाख पचासी हजार पांच सौ रुपए) मात्र के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्यान्तर्गत संचालित निजी एवं सरकारी बीएड महाविद्यालयों में (नामांकन एवं शुल्क निर्धारण) के संचालन हेतु परिनियम-2020 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- विभागीय पत्रांक सं० 963, दिनांक 06.08.2021 द्वारा निर्गत परिनियम, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता पर कानून और उच्च शिक्षा-2021 में मानकों के रख-रखाव के लिए उपाय; यूजीसी विनियम 2018 के अनुसरण में यूजीसी विनियम 2018 के अनुसरण में, संशोधित कानून विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों, अधिकारियों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के उपाय-2022 से प्रतिस्थापन की स्वीकृति दी गई।
- दुमका जिलान्तर्गत गोपीकान्दर अंचल अन्तर्गत उरमा पहाड़ीटोला कोल ब्लॉक के अन्तर्गत मौजा- चिरूडीह, मधुवन, ओरमा एवं रांगा में रकबा 445.352 हे० एवं पाकुड़ जिलान्तर्गत अमड़ापाड़ा अंचल के मौजा-जराकी एवं पछवाड़ा में रकबा - 530.650 हे० क्षेत्र कुल रकबा - 976.002 हे० क्षेत्र पर 02 (दो) वर्षों के लिए कोयला खनिज के लिए पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति की स्वीकृति दी गई।
- पंचम झारखंड विधान सभा का दशम (शीतकालीन) सत्र (दिनांक 19.12.2022 से 23.12.2022 तक) के सत्रावसान हेतु मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति दी गई।
- केन्द्र प्रायोजित योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज-3 बैच-1 वर्ष 2022-23 (उन्नयन) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा 336 पथों एवं 143 पुलों के निर्माण हेतु स्वीकृत 2308.29 करोड़ रुपए के अतिरिक्त वर्त्तमान शेड्यूल ऑफ रेट की दरों के समावेश करने से 262 करोड़ रुपए एवं कतिपय पथों में हायर स्फेसिफिंग का प्रावधान किये जाने के कारण 167 करोड़ रुपए कुल 429 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के राज्यांश मद से करने की स्वीकृति दी गई।
- सरायकेला-खरसावां जिलान्तर्गत आमदा मोटु चौक से गुवाबेड़ा-पांडुवा-काशीपुर बड़बील (एमडीआर-144 पर अवस्थित) पथ (कुल लम्बाई - 10.90 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (भू-अर्जन सहित) हेतु रू0 37,23,77,700/- (सैंतीस करोड़ -तेईस लाख सतहत्तर हजार सात सौ रुपए) मात्र का प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- पथ प्रमंडल, चाईबासा अन्तर्गत चाईबासा-तांतनगर-भरभरिया-कुमारडुंगी-अंधारी-मझगांव पथ के (कुल लंबाई 60 किमी) का दो लेन हेतु चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (भू-अर्जन सहित) हेतु रू० 116,87,75,000/- (रुपए एक सौ सोलह करोड़ सतासी लाख पचहत्तर हजार) मात्र का तृतीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- झारखंड विधानसभा सचिवालय में नियुक्तियों एवं प्रोन्नतियों में बरती गई अनियमितताओं के जांच प्रतिवेदन में समाहित जटिल विधि एवं तथ्यों के समाधान हेतु गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का भूतलक्षी प्रभाव से अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- प्री बजट संगोष्ठी आयोजन हेतु वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत डॉ. हरिश्वर दयाल, एसोसिएट प्रोफेसर-सह-विभागाध्यक्ष,अर्थशास्त्र विभाग, संत जेवियर कॉलेज, रांची एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर ज्ञान साथी के रूप में चयनित करने की स्वीकृति दी गई।
- दुमका जिलान्तर्गत बनवारा (डेंगीडीह-बनवारा-डोमनाडीह पथ पर) बेलदाहा-रायकेनारी (मचकोल) (सहारा-कोठिया पथ पर) पथ (कुल लम्बाई 7.006 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य हेतु रु. 25,36,82,000/- (पच्चीस करोड़ छत्तीस लाख बिरासी हजार रुपए) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

**पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के पांच...**

के बाद झारखंड-बिहार सीमा पर टीएसपीसी को बड़ा झटका लगा है। यह दस्ता बिहार के गया और औरंगाबाद में भी सक्रिय था। यह दस्ता बिहार के इलाके में कई घटनाओं को भी अंजाम दे चुका है। एसपी ने बताया कि टीएसपीसी के खिलाफ सर्च अभियान में शामिल सभी पुलिस अधिकारी और कर्मियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

**आज के कौरव खाकी हाफ...**

हरियाणा के किसान नेताओं ने गांधी को बताया कि हरियाण में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस विधायक दल की ओर से किसान आंदोलन में शहीद हुए हर किसान के परिवार को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी है।

### कल से अग्रवाल क्रिकेट लीग सीजन-01 का आयोजन

# अग्रवाल युवा सभा द्वारा कराया जायेगा टूर्नामेंट, आठ टीमें लेंगी हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल युवा सभा, रांची के तत्वावधान में पहली बार अग्रवाल क्रिकेट लीग, सीजन-01 का आयोजन कल 12 जनवरी से होगा। 14 जनवरी तक चलनेवाले टूर्नामेंट में आठ टीमें और 96 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सभी टीमों के ऑनर्स हैं। टूर्नामेंट के सभी मैच मेकॉन क्रिकेट ग्राउंड में खेला




जायेगा। टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन बिडिंग के माध्यम से किया गया। सभी खिलाड़ियों को ए, बी और सी श्रेणी में बांटा गया है, ताकि हर टीम सरल प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर सके। कार्यक्रम के संयोजक आशीष अग्रवाल (जीमी), दीपक गोयनका, उमंग सुल्तानिया को बनाया गया है।


## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 226/2022-23/RWD/GARHWA  दिनांक :- 10.01.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ GARHWA/ 28/2022-23 | सोनदाग चारमुहान से सिकठ होते हुए तमगे सीमा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 5.750 कि0मी0) | 6,22,11,800.00 | छः करोड़ बाईस लाख ग्यारह हजार आठ सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ GARHWA/ 29/2022-23 | नवादा मोड़ से नवादा ग्राम होते हुए मझिऑव पी0डब्लू0डी0 रोड तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3. 825 कि0मी0) | 3,91,90,900.00 | तीन करोड़ एकानवे लाख नब्बे हजार नौ सौ रू0 मात्र | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **19.01.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **01.02.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **गढ़वा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **02.02.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **03.02.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के पक्ष में एवं **गढ़वा** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

**PR 287216 Rural Work Department(22-23).D**

## Office of The Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division Latehar

**E-procurement Very Short Tender Notice(SBD)**

**Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS/CLTR-16/21-22 (6th Call)  Dt- 10.01.23**

| Sl No | Particular | Detail of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Work | Detailed Survey Desigening and Drawing Construction of 2421 nos FHTC in Different Block of Latehar Comprising of Suitable R.C.C Frame, Structure ESR, Distribution Lines, Source (as Required) & 05 Year Oereation & Maintenance all Complete Job "on Turn Key Basis" under D. W & S Division Latehar For The Year 2021-22 under (JJM) | | | | | |
| | Group No | No of Panchayat | No Of FHTC | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost Of BOQ (In Rs) | Time of Comletion |
| 1 | CHN/SVS/CLTR/03(A)(i) | 3 | 2421 | 935.47 | 9.36 | 10000.00 | 09 month |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 11.01.23 at 04.00 P.M | | | | | |
| 3 | Date of Starting Submission of Bid | 11.01.2023 at 04.00 P.M | | | | | |
| 4 | Last Date of Submission of Bid | 17.01.23 upto 05.00 P.M | | | | | |
| 5 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 18.01.23 upto 05.00 P.M 1. Superitending Engineer D W & S Circle Medininagar. 2. Regional Chief Engineer D W & S Dept Jharkhand Ranchi. 3. Executive Engineer D W & S Div Latehar. | | | | | |
| 6 | Date of Opening Tender | 19.01.23 at 04.00 P.M | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Opening Officer | Executive Engineer , D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 9 | Contact No of Procurment Office | 9430725642, 6201242103 | | | | | |
| 10 | Contact No of Procurement cell | 0651-2480342 | | | | | |

- Estimated Cost & EMD Cost May Be Changed.
- Further Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar.

PR.NO.287183 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## जिला अभियंता का कार्यालय
### जिला परिषद्, लातेहार।
### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04 वर्ष 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 18.01.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 19.01.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 19.01.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड अन्तर्गत बस पडाव महुआडांड के खाली स्थान पर गोदाम निर्माण | 14,62,900.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 02 माह |

8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो सचिव, जिला परिषद, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9. जिला परिषद कार्यालय, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
10. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

जिला अभियंता
लातेहार।

PR 287128 Rural Development(22-23)D

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची
### कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू
**Email Id-dhopalamau@gmail.com**

**कृषकों के लिए ''चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिलास्तरीय सहयोग समिति लि0'' गठन संबंधी आम सूचना**

जिले के सभी कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 26 दिनांक 08/08/2022 द्वारा पलामू जिला में चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिलास्तरीय सहयोग समिति लि0 का गठन किया जाना है। चैम्बर ऑफ फार्मर्स जिला स्तरीय सहयोग समिति लि0 का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं अनुषंगी (कृषि एवं एलाईड गतिविधियाँ) उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना, क्रय–विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना, जिससे कि सदस्यों को सर्वोतम मिल सके। अंतराष्ट्रीय स्तर पर व्यवसाय हेतु मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करना साथ ही सदस्यों की सामाजिक एवं आर्थिक अवस्था की उन्नति करना होगा। पलामू जिला अन्तर्गत निबंधित समितियों का प्रतिनिधि/कृषक उत्पादक समूह के प्रतिनिधि/किसान क्लब के सदस्यों तथा ऐसे कृषक अनाज, फल, या सब्जी एवं कृषि से जुडे अन्य गतिविधियों को करता हो चैम्बर ऑफ फार्मर्स के सदस्य होगें।

नोटः–
1. सदस्यता हेतु प्रत्येक सदस्य को 50 रूपया सदस्यता शुल्क जमा करना होगा एवं हिस्सा पूंजी लेना होगा।
2. प्रत्येक हिस्सा पूंजी का मूल्य 250/–(दो सौ पचास) रू0 मात्र है।
3. सदस्यता हेतु आवेदन पत्र एवं घोषणा पत्र/शपथ पत्र भरकर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू में जमा करना होगा।
4. विशेष जानकारी एवं आवेदन पत्र, घोषणा पत्र/शपथ पत्र जिला उद्यान कार्यालय, पलामू/प्रखण्ड़ कृषि पदाधिकारी/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0/प्रखण्ड़ उद्यान मित्र से प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–
जिला उद्यान पदाधिकारी,पलामू

**PR 287148 Agriculture(22-23).D**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**अतिअल्पकालिक ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/04/2021-22/RE-1/Gr_02

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्रुप सं० | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **02** | प्रखण्ड–गिद्धौर अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के घटेरी नदी पर पुल निर्माण। | 3,12,47,878/- | 6,25,000/- | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 24.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेया प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :– मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची ।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27.01.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 287135 Rural Development (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

**ई0 टेन्डर अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-17/2022-23**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड उंटारी रोड के पंचायत लहरबंजारी के ग्राम कुटमू में बंका नदी पर पुल से संतोषी मां के मंदिर तक एवं कुटमू पीपल चबुतरा से भजन महतो के घर तक पथ निर्माण। | 2388525.00 | 47800.00 | 5000.00 | 02 माह। |
| 2. | प्रखण्ड तरहसी के पंचायत ओझापतरा के ग्राम ओझापतरा में नन्दी तट पर अवस्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय, कृषि अनुसंधान केन्द्र एवं किसान भवन के किनारे गार्डवाल निर्माण। | 2373977.00 | 47500.00 | 5000.00 | 02 माह। |
| 3. | प्रखण्ड तरहसी के पंचायत कसमार के ग्राम कसियाडीह में पारपईन पर पुलिया निर्माण। | 2378116.00 | 47600.00 | 5000.00 | 03 माह। |
| 4. | प्रखण्ड मनातू के पंचायत चक के ग्राम चक में स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय, चक में अतिरिक्त कमरा का निर्माण। | 4449893.00 | 89000.00 | 10000.00 | 04 माह। |
| 5. | प्रखण्ड रामगढ़ के पंचायत रामगढ़ के ग्राम रामगढ़ में स्त्रोन्नत +2 उच्च विद्यालय रामगढ़ में अतिरिक्त 04 कमरा का निर्माण। | 3702482.00 | 74100.00 | 10000.00 | 04 माह। |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **20.01.2023**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **28.01.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के प्रतिनिधि द्वारा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ, पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **30.01.2023** को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय **31.01.2023** अपराह्न 2.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रममण्डल, पलामू।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–**9304798195**
7. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डालटनगंज शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता के यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड़ करना अनिवार्य है।
9- Form of Bid and Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा अमान्य समझा जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **Jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

PR 287130 (Rural Development) 22-23 (D)

